हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

KP GROUP Quality Since 1965

नया दशन पैक

30% EXTRA

KP GROUP Quality Since 1965

CELEBRATING 60 YEARS

राजश्री ®

पान मसाला

NO TOBACCO, NO NICOTINE

No Tobacco, No Nicotine

Not recommended for minors

Chewing of pan masala is injurious to health

CLASSIC GROUP
LIFESTYLE MATTERS

इस नवरात्र, खुशियों की शुभ शुरुआत नए घर के साथ

◆ बुकिंग पर पाएं विशेष उपहार* ◆

*T&C APPLY

CLASSIC CASTLE
PCGRERA220620001124 | P3CGRERA031120000020
https://rera.cgstate.gov.in

75+ Families Living Happily

Limited Premium Plots
NO FUTURE EXTENSION

901 902 1000
KACHNA, RAIPUR





25+ Families Living Happily

CLASSIC TOWERS
PCGRERA270223001615
https://rera.cgstate.gov.in

READY POSSESSION
2 & 3 BHK Flats

951 610 1000
AMLIDIH, RAIPUR

SUMEET LANDSCAPE

PROJECT ASSOCIATE
CLASSIC VENTURES
CGRERA060320A000465
https://rera.cgstate.gov.in

300+ Families Living Happily

Fully Developed Plots
800 - 2400 SQ.FT.

722 500 1000
VIDHAN SABHA ROAD



SCAN FOR RERA INFO

SCAN TO KNOW MORE



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

ज्ञानेश की घेराबंदी, राहुल समेत 11 नेताओं ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

'वोट चोरी' पर सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक संग्राम, पुलिस ने रोका विपक्ष का 'मार्च'

'वोट चोरी' रोकने, एसआईआर की प्रक्रिया पर रोक लगाने और सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार को सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सियासी घमासान छिड़ गया। चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट की ओर कूच किया, लेकिन पुलिस ने भगवान दास रोड पर उनका रास्ता रोक दिया। इस बीच, राहुल गांधी समेत 11 नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर कानूनी लड़ाई भी तेज कर दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग में कथित अनियमितता को लेकर इंडिया गठबंधन लामबंद दिखा। विपक्षी दलों के सांसदों और नेताओं ने सोमवार को सैकड़ों समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ सुप्रीम कोर्ट तक अपना 'लोकतंत्र मार्च' शुरू किया, जिसका उद्देश्य 'वोट चोरी' के आरोपों और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ याचिका दायर करना था। यह पहली बार है, जब विपक्षी नेताओं ने किसी मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई प्रमुख विपक्षी नेताओं की ओर से उच्चतम न्यायालय में याचिका भी दायर की गई है, जिसमें एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने और चुनाव प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों को लेकर हस्तक्षेप की मांग की गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता डी. राजा, माकपा महासचिव एम. ए. बेबी और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के नेता ई. टी. मोहम्मद बशीर समेत विपक्षी दलों के नेता भी इस याचिका से संबद्ध हैं। बीते ⏭शेष पेज 5 पर



खास बातें

- विरोध प्रदर्शन को दिया नया नाम- 'चलो दिल्ली-लोकतंत्र के लिए मार्च'
- दिल्ली के बाराखंभा रोड पर देशभर से आए कांग्रेस कार्यकर्ता जुटे
- सांसदों ने कॉन्सिट्यूशन क्लब के बाहर सीईसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की



राहुल बोले-किले में तब्दील दिल्ली

राहुल ने केंद्र सरकार पर लोगों को दिल्ली पहुंचने से रोकने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि राष्ट्रीय राजधानी को 'पूरी तरह से किले में तब्दील' कर दिया गया है और बड़ी संख्या में पुलिस तथा सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। विपक्ष की मांग है कि 'वोट चोरी' पर रोक लगाई जाए, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें और मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया रोकी जाए। इससे पहले, खरगे और गांधी ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत से मुलाकात का समय मांगा था, ताकि 'वोट चोरी' का मुद्दा उठाया जा सके।

ममता बोलीं- हम मांग रहे मानवता के लिए न्याय

इंडिया ब्लॉक के विरोध मार्च में शामिल हुईं पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, हम मानवता के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। बस इतना ही... हम न्याय चाहते हैं।

अखिलेश बोले- उम्मीद है सुप्रीम कोर्ट करेगा न्याय

सुप्रीम कोर्ट से निकलते हुए समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमें न्याय मिलेगा।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की याचिका

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य नेताओं ने एसआईआर के दौरान बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जाने और विभिन्न गड़बड़ियों के आरोपों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले, शिवसेना (उद्धव) के नेता संजय राउत, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता डी. राजा, झारखंड मुक्ति मोर्चा की सांसद महुआ माझी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव एम. ए. बेबी और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के नेता ई. टी. मोहम्मद बशीर ने भी यह याचिका दायर की है।

भाजपा बोली-राहुल नौटंकी कर रहे

केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से सुप्रीम कोर्ट तक निकाले जाने वाले मार्च को 'नौटंकी' करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी



चुनावी हार का दोष निर्वाचन आयोग पर मढ़ती रही है, जबकि इसके लिए असल में उसका खुद का 'विचार-शून्य' नेतृत्व जिम्मेदार है। शिवराज ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के खिलाफ कांग्रेस के आंदोलन को 'शिव की बारात' बताने के लिए राहुल की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह असल में 'गुंडों का समूह' है, जो सड़कों पर अराजकता फैला रहा है। शिवराज ने कहा, कांग्रेस पिछले कई वर्षों से संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रही है और अपनी हार के लिए उन्हें दोषी ठहरा रही है, जबकि इसके लिए खुद उसका नेतृत्व जिम्मेदार है। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस की हार की वजह निर्वाचन आयोग नहीं है। कांग्रेस की हार की वजह उसका 'विचार-शून्य' नेतृत्व है, जो न तो देश को जानता है, न ही यहां के लोगों, जीवन-मूल्यों और परंपराओं को। शिवराज ने कहा कि हर कोई जानता है कि न्यायपालिका के प्रति कांग्रेस नेता का क्या रुख रहा है और पहले एक पूर्व प्रधान न्यायाधीश के बारे में उनके क्या विचार थे।

रेलवे सुरक्षा बल के स्थापना दिवस पर रेल मंत्री वैष्णव ने भेजा संदेश

अग्निवीरों के लिए आरपीएफ में भी भर्ती का रास्ता खुल रहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे सुरक्षा बल ने सोमवार को डब्ल्यू आरएस कॉलोनी के इंस्टीट्यूट ग्राउंड में 42वां स्थापना दिवस परेड व प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी के साथ मनाया। इस अवसर पर यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे संपत्ति की रक्षा और भारतीय रेल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति बल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया गया। समरोह में रेलवे सुरक्षा बल की महानिदेशक सोनाली ⏭शेष पेज 5 पर

22,000 बॉडी-वॉर्न कैमरे खरीदे जा रहे हैं

रेलवे सुरक्षा बल अपनी सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए लगभग 125 करोड़ रुपये की लागत से तकनीकी उपकरणों की खरीद कर रहा है। इसमें 16 करोड़ रुपये के नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम और सीआरपीई हार्डवेयर, 47 करोड़ रुपये के वॉकी-टॉकी सेट एवं सहायक उपकरण तथा 28 करोड़ रुपये की लागत से सीसीटीवी निगरानी, वीडियो एनालिटिक्स, एक्सेस कंट्रोल ⏭ शेष पेज 5 पर

अर्द्धकुशल दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के वेतन की राशि में गड़बड़ी का मामला

हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के कुलसचिव कुलदीप सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग ने दुर्ग स्थित हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुमार कुलदीप को तत्काल प्रभाव से



निलंबित कर दिया है। शासन ने यह कार्रवाई विश्वविद्यालय निधि से वेतन प्राप्त करने वाली एक कर्मचारी के खाते से 1,49,384 दूसरे खाते में ट्रांसफर कराए जाने के मामले में दर्ज एफआईआर और प्रस्तावित विभागीय जांच के मद्देनजर की है। निलंबन आदेश 12 अक्टूबर 2026 को जारी किया गया। शासन के आदेश के अनुसार, इस मामले में दुर्ग के मोहन नगर थाने में 3 अगस्त 2026 ⏭शेष पेज 5 पर

कुलपति के अधिकारों के इस्तेमाल पर भी सवाल

निलंबन आदेश में कुलसचिव पर कुलपति के अधिकारों के इस्तेमाल को लेकर भी अनियमितता का उल्लेख है। आदेश के मुताबिक, आयुक्त, दुर्ग संभाग ने 18 जून 2025 को कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय को भेजे अर्द्धशासकीय पत्र में कहा था कि विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत कुलपति को प्राप्त अधिकारों का प्रत्यायोजन कुलसचिव को लिखित या ⏭ शेष पेज 5 पर

6 राज्यों में नई नियुक्ति

ओम माथुर केरलम के नए राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कई राज्यों के राज्यपालों में फेरबदल करते हुए केरलम के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को तमिलनाडु का राज्यपाल नियुक्त किया। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर केरलम के नए राज्यपाल होंगे। वह आर्लेकर की जगह लेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि दुष्यंत गौतम को सिक्किम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। झारखंड के वरिष्ठ भाजपा नेता ब्रज मोहन राम को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार, सुधा यादव को कर्नाटक का राज्यपाल और ढाल सिंह बिसेन को उत्तराखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। इसमें कहा गया है कि ये नियुक्तियां संबंधित राज्यपालों के अपने-अपने पदों का कार्यभार संभालने की तारीख से प्रभावी होंगी।



ओम प्रकाश माथुर



राजेंद्र आर्लेकर

सरकार ने सुन ली मासूम की पुकार 48 घंटे में इलाज के लिए राशि जारी

हरिभूमि और आईएनएच की पहल से मुख्यमंत्री ने स्वीकृत की थी राशि

एम्स रायपुर में होगा उपचार, जापान मलेशिया से आएगा इंजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के 10 वर्षीय बालक रिमोन टंडन का उपचार अब एम्स रायपुर में हो सकेगा। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 12 लाख 16 हजार से अधिक राशि स्वीकृत की थी। राशि स्वीकृत करने के 48 घंटों के भीतर एम्स रायपुर में पहुंच गई है। एम्स में राशि पहुंचने के बाद इसकी सूचना रिमोन के पिता अजय कुमार टंडन को भी दे दी गई है। अब जापान और मलेशिया से आने ⏭शेष पेज 5 पर



अस्पताल प्रबंधन ने शुरू की तैयारी

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से 12 लाख 16 हजार 569 रुपए की राशि स्वीकृत होते ही एम्स प्रबंधन ने भी तैयारी शुरु कर दी है। एम्स के संबंधित विभाग ने रिमोन के पिता को राशि स्वीकृत होने की पुष्टि करते हुए बताया है कि जल्द ही उन्हें रायपुर बुलाया जाएगा। रिमोन को लगने वाले इंजेक्शन की उपलब्धता जल्द सुनिश्चित हो, इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। चीन में भी इंजेक्शन की उपलब्धता को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है। जहां से इंजेक्शन जल्द उपलब्ध होगा, वहां से मंगाया जाएगा।



दो अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को दिया गया पुरस्कार

आर्थिक झटकों से निपटने का बनाया मॉडल, मिला नोबेल

एजेंसी ⏭ स्टॉकहोम

अमेरिकी अर्थशास्त्रियों रॉबर्ट ई. हॉल और माइकल वुडफोर्ड को आर्थिक झटकों से निपटने के लिए सरकारों और केंद्रीय बैंकों की नीतियां बनाने में मददगार मॉडल विकसित करने के लिए सोमवार को अर्थशास्त्र के नोबेल स्मृति पुरस्कार देने की घोषणा की गई। दोनों अर्थशास्त्रियों के शोध ने यह समझने का आधार तैयार किया कि महंगाई या ऊर्जा संकट जैसी स्थितियों में आम लोगों के खर्च करने के फैसले और कीमतें तय करने की कंपनियों की रणनीति से अर्थव्यवस्था किस तरह प्रभावित होती है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने यहां पुरस्कार विजेताओं की घोषणा करते हुए कहा कि दोनों अर्थशास्त्रियों के काम ने आर्थिक ⏭शेष पेज 5 पर



रॉबर्ट ई. हॉल | माइकल वुडफोर्ड

सरकार ने अपनाई नीतियां

कई दशक तक आर्थिक संकट से निपटने के लिए सरकारें ब्रिटिश अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड कीन्स के विचारों पर आधारित नीतियां अपनाती रहीं। मंदी के दौरान सरकारें कर घटाने के साथ खर्च बढ़ाती हैं, ताकि लोग अधिक खरीदारी करें, कंपनियां निवेश बढ़ाएं और आर्थिक वृद्धि को गति मिले। हालांकि, 1970 के दशक में इन नीतियों की सीमाएं उजागर हो गईं। आर्थिक गतिविधियों को समझने के लिए इस बात पर जोर दिया कि अर्थव्यवस्था बड़े स्तर के आंकड़ों से नहीं बनती, बल्कि परिवारों और कंपनियों के रोजमर्रा के फैसलों से आकार लेती है।

रॉबर्ट ई हॉल और माइकल वुडवर्ड

रॉबर्ट ई हॉल का जन्म 1943 में अमेरिका के पालो ऑल्टो में हुआ था। वर्तमान में वे प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं माइकल वुडवर्ड का जन्म 1955 में अमेरिका के चिकोपी में हुआ था। वर्तमान में वे दुनिया के एक अन्य शीर्ष संस्थान कोलंबिया यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं।

पुरस्कार में 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर

इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के तहत विजेताओं को कुल 1.2 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (लगभग 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की राशि प्रदान की जाती है। यह इस साल (2026) की घोषणाओं में घोषित होने वाला आखिरी नोबेल पुरस्कार है। इस पुरस्कार का आधिकारिक नाम 'अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में स्वेरिक्स रिक्सबैंक प्राइज इन इकोनॉमिक्स साइंसेज' है। इसकी शुरुआत साल 1968 में हुई थी। इसे स्टॉकहोम (स्वीडन) स्थित 'रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज' द्वारा प्रदान किया जाता है।

गृह मंत्रालय ने किया डिनोटिफाई, रामलीला मैदान सहित 3 जगहों को किया चिन्हित

जंतर-मंतर में धरना-प्रदर्शन पर लगा स्थाई बैन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में सालों से आंदोलन और विरोध प्रदर्शनों की पहचान रहे जंतर-मंतर को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर को अधिकृत प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटा दिया है। अब राजधानी में किसी भी तरह के धरने या प्रदर्शन के लिए आयोजकों को अन्य तय जगहों का रुख करना होगा। दिल्ली पुलिस कमिश्नर अनुराग कुमार द्वारा जारी स्टैंडिंग ऑर्डर के मुताबिक, अब राजधानी में धरने और विरोध प्रदर्शनों के लिए तीन नई जगहें तय की गई हैं, रामलीला मैदान, बुराड़ी ग्राउंड और पूर्वी दिल्ली का CBD ग्राउंड। बता दें, गृह मंत्रालय ने एक कमेटी बनाई थी ताकि नागरिक अधिकारों की मांग के लिए प्रदर्शन कर रहे लोगों को एक उचित स्थान दिया जा सके, जहां वे प्रदर्शन कर सकें। इस कमेटी की सिफारिश पर जंतर-मंतर को अब प्रोटेस्ट साइट से डिनोटिफाई कर दिया गया है।

33 साल पहले दी गई थी जंतर मंतर पर प्रदर्शन की इजाजत

अन्ना आंदोलन, निर्भया व पहलवानों के प्रदर्शन का रहा है गवाह



बेंगलुरु, कर्नाटक में सोमवार को सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर काकरोच पार्टी के सदस्य धरना देते हुए।

ये तीन स्थान किए गए चिन्हित

जंतर मंतर के बदले में प्रोटेस्ट के जो नए साइट हैं वे हैं रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और पूर्वी दिल्ली का सीबीडी ग्राउंड। इन तीनों जगहों पर अब धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया जा सकेगा। दिल्ली पुलिस के अनुसार इन तीन जगहों पर प्रदर्शन और धरना आयोजित करने के लिए डिटेल एसओपी अलग से जारी करेगी। ये 28 अप्रैल 2022 को जारी आदेश में आंशिक सुधार है। कॉकरोच जनता पार्टी ने अपना पहला आंदोलन यहीं से किया था, जब एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे।

यह आंदोलन हुए हैं जंतर-मंतर में

जंतर-मंतर देश के शोषितों, वंचित और हाशिये पर रहे लोगों के लिए विरोध का ऐतिहासिक स्थान रहा है। यहां हाल के इतिहास में कई आंदोलन हुए हैं जिससे देश की राजनीति पर असर पड़ा है। वर्ष 2012 में दिल्ली गैंगरेप कांड के बाद निर्भया आंदोलन, 2015 के आस पास वन रैंक-वन पेंशन (ओआरओपी) आंदोलन, 2017 में तमिलनाडु किसानों का प्रदर्शन, 2019 में नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन, सीएए के खिलाफ आंदोलन जंतर-मंतर में ही हुआ। 2021 में हुआ किसान आंदोलन का भी शुरुआती केंद्र जंतर मंतर ही था। यहां पर तब किसान संसद का आयोजन हुआ था। इसके अलावा 2023 में पहलवानों ने 2023 में भारतीय कुश्ती संघ के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर लंबा धरना दिया था।



जंतर-मंतर को हटाने के पीछे सबसे अहम कारण

केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत में दलील दी थी कि जंतर-मंतर संसद भवन के बेहद करीब है, जो देश की संप्रभुता का प्रतीक है। पूर्व में एक दिन की अनुमति लेकर 17 दिनों तक प्रदर्शन चलने और संसद की ओर कूच करने की घटनाएं सामने आई थीं। ऐसे में यहां लगातार जुटने वाली भीड़, लंबे समय तक चलने वाले धरने और कई मौकों पर संसद की तरफ बढ़ने की कोशिशों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी थी। सुरक्षा को चाक-चौबंद रखने और वीवीआईपी इलाके में किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए इसे धरना स्थल की लिस्ट से अलग करना जरूरी समझा गया।

रामलीला में ढाई महीने तक बुकिंग फुल, फीस लाख पार

रामलीला मैदान में विरोध प्रदर्शन करना अब काफी मुश्किल और महंगा साबित हो सकता है। दरअसल इस मैदान में अगले ढाई महीने तक बुकिंग के लिए एक भी तारीख खाली नहीं है। इस मैदान को इस साल सिर्फ 29, 30 और 31 दिसंबर के लिए ही बुक किया जा सकता है। इसके अलावा, एक अधिकारी ने जानकारी दी, 'मैदान की बुकिंग दर 50,000 रुपये प्रति दिन है, इसके साथ ही 55,000 रुपये की सिक्योरिटी डिपॉजिट भी देनी होती है जो रिफंडेबल है। टैक्स को मिलाकर एक दिन की बुकिंग का शुरुआती खर्च लगभग 1.21 लाख रुपये बैठता है।' हालांकि, सिविल ऑफिशियल ने बताया कि मैदान का एक छोटा हिस्सा विरोध प्रदर्शनों के लिए मुफ्त रखा गया है, लेकिन उसकी क्षमता सिर्फ 150 लोगों की है।

सीजेपी ने दिया 24 घंटे का 'अल्टीमेटम'

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए जगह देने के लिए दिल्ली पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। पार्टी ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की तारीख और समय तय करने को कहा है।

खबर संक्षेप

जंतर-मंतर खत्म हुआ है, विरोध नहीं: अखिलेश

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में वोटर लिस्ट को लेकर विपक्ष का चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध जारी है। जंतर-मंतर को धरनास्थल की सूची से हटाने पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इससे विपक्ष का संघर्ष नहीं रुकेगा। 'जगह बदलने से संघर्ष नहीं बंद होता है। विपक्ष का लगातार इसी तरह संघर्ष चलता रहेगा। यादव ने कहा कि 'जंतर-मंतर पर प्रदर्शन खत्म होने का मतलब विरोध के अधिकार का खत्म होना नहीं है। लोकतंत्र में अपनी बात रखने के लिए जहां भी बैठेंगे, वही धरने की जगह बन जाएगी।



केरल विस में ज्ञानेश को हटाने का प्रस्ताव पारित

तिरुवनंतपुरम। केरल (केरलम) की राजनीति में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार की निष्पक्षता को लेकर बड़ा मुद्दा सामने आया है। केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने दावा किया है कि राज्य विधानसभा ने पहली बार मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग वाला प्रस्ताव पारित किया है। इस प्रस्ताव के जरिए एसआईआर की प्रक्रिया पर सवाल उठाने के साथ ही चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति व्यवस्था में बदलाव की मांग भी की गई है।



केजरीवाल समेत आप नेताओं पर एफआईआर

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बंगला साहिब गुरुद्वारे में हंगामे के मामले में आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। कमेटी ने आरोप लगाया कि शनिवार को आप कार्यकर्ता और समर्थक गुरुद्वारे में घुसकर प्रदर्शन करने लगे, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई।



सुप्रीम कोर्ट ने बिहार एसआईआर मामले में की टिप्पणी

नए फॉर्म-6 को न तो हमने स्वीकृति दी है और न ही इसे खारिज किया है

सुप्रीम कोर्ट ने 12 अक्टूबर को क्लियर किया कि उसने चुनाव आयोग के बदले हुए 'फॉर्म 6' की वैलिडिटी पर कोई फैसला नहीं सुनाया है। इस फॉर्म का इस्तेमाल भारत के नागरिक वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए करते है। कोर्ट ने कहा कि बदला हुआ वर्जन बिहार में वोटर लिस्ट के 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (एसआईआर) पर पिछली एक्सरसाइज के बाद लाया गया था। ये क्लेरिफिकेशन ईसीआई के उस दावे पर चल रहे विवाद के बीच आई है जिसमें कहा गया था कि कोर्ट ने एसआईआर प्रक्रिया के लिए 'फॉर्म 6' के साथ जोड़े गए एक एडिशनल डिक्लेरेशन को मंजूरी दी थी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की अगुवाई वाली बेंच ने, जिसमें जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी मोहना भी शामिल थे, उन्होंने उन सुझावों को खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि उनकी पिछली टिप्पणियों का मतलब बदले हुए फॉर्म को मंजूरी देना था। बेंच ने एक वकील से कहा, 'हमारे मुंह में शब्द न डालें,' और जोर देकर कहा कि उसने बदले हुए वर्जन को न तो मंजूरी दी थी और न ही खारिज किया था। जस्टिस बागची ने समझाया कि कोर्ट की पिछले कमेंट्स का मतलब सिर्फ ये था कि जब बिहार एसआईआर फैसला सुनाया गया था, तब बदला हुआ फॉर्म मौजूद नहीं था। बेंच ने निर्देश दिया कि इस मामले को 27 अक्टूबर को एसआईआर प्रॉसेस और ईसीआई के कामकाज को चुनौती देने वाली दूसरी याचिकाओं के साथ लिस्ट किया जाए।

वकील से कहा-हमारे मुंह में अपने शब्द न डालें, कोई फैसला नहीं सुनाया है हमने

27 अक्टूबर 2026 को सुनवाई होनी है इस पूरे मामले में



एडिशनल डिक्लेरेशन को लेकर यह है विवाद

विवाद एक एडिशनल डिक्लेरेशन पर केंद्रित है जिसमें आवेदकों से पूछा जाता है कि क्या उनके नाम, या उनके माता-पिता या दादा-दादी/नाना-नानी के नाम, पहले की एसआईआर प्रक्रिया के दौरान तैयार की गई वोटर लिस्ट में थे। याचिकाकर्ताओं ने सवाल उठाया है कि क्या ईसीआई वोटर लिस्ट के नियमों में बदलाव के लिए कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना ऑनलाइन फॉर्म के जरिए ऐसी जरूरत लागू कर सकता है। 'फॉर्म 6' 'रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्टर्स रूल्स, 1960' के तहत तय किया गया है। ये नियम केंद्र सरकार की तरफ ईसीआई के साथ सलाह-मशविरा करके 'रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, 1950' के तहत बनाए गए है।

ईसीआई ने क्या कहा?

चुनाव आयोग का कहना है कि तय 'फॉर्म 6' में कोई बदलाव नहीं किया गया है और एडिशनल डिक्लेरेशन खास तौर पर एसआईआर पीरियड के लिए लाया गया था। 5 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने उन रिकॉर्ड्स की मांग की थी जिनसे पता चले कि बदलावों को मंजूरी किसने दी और उनका कानूनी आधार क्या था। जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, वहां से एडिशनल डिक्लेरेशन वापस ले लिया गया है। 27 अक्टूबर 2026 की सुनवाई में इस जरूरत की वैलिडिटी और वोटर रजिस्ट्रेशन पर इसके असर की जांच होने की उम्मीद है।

क्या है फॉर्म 6 और किस बात पर है विवाद

फॉर्म 6 भारत में मतदाता सूची में किसी व्यक्ति का नाम शामिल कराने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला लीगल आवेदन है। इसे कोई भी नागरिक नया वोटर बनने के लिए भरता है। या जो किसी और जगह से शिफ्ट होकर आए हैं, वो अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 भरते हैं। मौजूदा विवाद ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में जोड़े गए एक अतिरिक्त घोषणा-पत्र को लेकर है, जिसमें आवेदक या उसके माता-पिता के साथ दादा-दादी का किसी पिछली मतदाता सूची में नाम होने के बारे में जानकारी मांगी गई।

विपक्ष ने उठाए सवाल

विपक्ष का आरोप है कि यह घोषणा-पत्र संसद की मंजूरी के बिना जोड़ा गया है, जो कानूनी तौर पर गलत है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि आखिर किसने यह बदलाव करने का आदेश दिया। चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने भी इस बदलाव पर आपत्ति जताते हुए इसे 'अनधिकृत' बताया था। बाद में चुनाव आयोग ने उन राज्यों में यह घोषणा हटा दी, जहां एसआईआर पूरा हो चुका है, लेकिन जहां अभी चल रहा है, वहां यह अभी भी बरकरार है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का बड़ा दावा

ज्ञानेश के मैसेज आते रहते हैं, सरकार के 200 अफसर भी हमारे संपर्क में



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बहुत ही बड़ा दावा किया है। उनका कहना है, 'मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के उनको मैसेज आते हैं।' इंडिया ब्लॉक के मार्च से पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद मीडिया ने जब उनसे पूछा- 'इस सब पर क्या ज्ञानेश कुमार ने आपसे बात करने की कोशिश की?' तब गांधी ने इस सवाल का बेहद ही चौंकाने वाला जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'हां, मैसेज आते हैं। वह यह प्रेस कॉन्फ्रेंस देख रहे हैं।' तब पत्रकारों ने पूछा कि आपने उन मैसेज का क्या जवाब दिया? कांग्रेस सांसद ने कहा, 'गवाह बन जाओ। आपने अपराध किया है। आप मुख्य अपराधी नहीं हैं। आपने गलती की है। बहुत आसान है। इस्तीफा दीजिए और रास्ते से हट जाइए। कोई परेशानी नहीं है। हम आपको माफ करने के बारे में भी सोच सकते हैं। क्योंकि वो इस देश की सेवा होगी।'

सीईसी को हटाने की मांग

इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए राहुल ने कई तरह के आरोप लगाए। उन्होंने सीईसी को हटाने की मांग की। कांग्रेस नेता ने कहा कि विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक सीईसी को हटा दिया नहीं जाता। चुनाव प्रणाली में सुधार नहीं किया जाता. न्याय नहीं मिल जाता।

'ईडी-सीबीआई सहित कई अफसर संपर्क में'

इस कॉन्फ्रेंस में राहुल ने कई दावों में से एक दावा यह भी किया है कि लगभग 200 सरकारी अधिकारी विपक्ष के संपर्क में है। जानकारी साझा कर रहे थे। इनमें ईडी, सीबीआई और विदेश मंत्रालय के अधिकारी शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गलत काम के जरिए लोगों को बचाने की कोशिश कर रही है। विपक्ष अपने अभियान से पीछे नहीं हटेगा। राहुल ने साफ तौर पर कहा है कि सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त को बचा रही है। विपक्ष के पास मुख्य चुनाव आयुक्त के आचरण के बारे में जानकारी है। ज्ञानेश कुमार ने नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, एनएसए अजीत डोभाल और उद्योगपति गौतम अडानी के दबाव में काम किया है।

सुप्रीम कोर्ट में दी जानकारी, 70 फीसदी तक कीमतों में आएगी कमी

सस्ती कैंसर दवाओं की लिस्ट जारी करेगी सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी से जूझ रहे मरीजों और उनके परिवारों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि उसने कैंसर की दवाओं पर अत्यधिक मुनाफे को नियंत्रित करने का बड़ा फैसला लिया है। सरकार का उद्देश्य कंपनियों और विक्रेताओं के बेतहाशा मुनाफे पर लगाम लगाना है, ताकि मरीजों को वाजिब दाम पर दवाइयां मिल सकें और कारोबारियों का भी उचित मुनाफा बना रहे. सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि सरकार जल्द ही कैंसर की उन दवाओं की आधिकारिक सूची जारी करेगी, जिन पर 30 फीसदी ट्रेड मार्जिन की सीमा लागू होगी। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, ट्रेड मार्जिन पर 30% की कैप लगने से दवाओं के खुदरा मूल्य (एमआरपी) में 70 प्रतिशत तक की बड़ी कमी आने की उम्मीद है। इससे मरीजों की जेब से इलाज पर होने वाले खर्च में काफी कमी आएगी।



पूरे दवा बाजार की हो समीक्षा

मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इस कदम का दायरा और बढ़ाने पर जोर दिया। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि दवाओं की कीमतों को निगरानी केवल कैंसर की दवाओं तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे पूरे दवा बाजार पर लागू किया जाना चाहिए ताकि आम लोगों को हर तरह की बीमारी में सस्ती दवाएं मिल सकें। सुप्रीम कोर्ट ने गैर-अनुसूचित दवाओं की शुरुआती कीमतों के नियमन और मेडिकल उपकरणों की कीमतों पर कैप लगाने की मांग वाली याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 27 अक्टूबर की तारीख तय की है।

माचिस की तीली से बनी दुर्गाजी...



अगरतला। अगरतला, त्रिपुरा में सोमवार को कलाकार बिजॉय देबनाथ दुर्गा पूजा उत्सव के लिए माचिस की तीलियों से बनी देवी दुर्गा की मूर्ति को अंतिम रूप देते हुए।

प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलट की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना का एक प्रशिक्षण विमान सोमवार को तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार दोनों पायलट की मौत हो गई। सेना ने बताया कि यह हादसा बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा के पास हुआ। सेना ने एक बयान में कहा, 'पाकिस्तान आर्मी एविएशन का एक मुशशाक प्रशिक्षण विमान दोपहर में तकनीकी खराबी के कारण क्वेटा के नवां किल्ली के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।' बयान के मुताबिक, हादसे में विमान के सवार दोनों पायलट - प्रशिक्षक मेजर हसनैन शहजाद हुमायूं और प्रशिक्षु कैप्टन अब्दुल समद - की मौत हो गई। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सेना के दो पायलट की मौत पर गहरा दुख जताया।

केंद्र ने राज्यों को लिखा पत्र, बिलिंग संबंधी विवादों से बचाने की पहल

'अस्पतालों में इलाज-जांच के रेट प्रमुखता से प्रदर्शित करें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अस्पतालों में इलाज, जांच और अन्य चिकित्सा सुविधाओं के शुल्क को लेकर पारदर्शिता बढ़ाने तथा मरीजों को बिलिंग संबंधी विवादों से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट्स (नैदानिक प्रतिष्ठानों) में उपलब्ध सेवाओं और सुविधाओं की दरें प्रमुखता से प्रदर्शित कराने को कहा है। इसका उद्देश्य मरीजों और उनके परिजनों को इलाज की संभावित लागत की पहले से जानकारी देना, सोच-समझकर अस्पताल और उपचार का चयन करने में मदद करना तथा स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति भरोसा मजबूत करना है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है। पत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की कीमतों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और संबंधित नियामकीय प्रावधानों के अनुपालन की समीक्षा करने पर जोर दिया गया है। केंद्र ने राज्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि अस्पतालों में चिकित्सा सेवाओं के शुल्क की जानकारी ऐसी जगह प्रदर्शित की जाए, जहां मरीज और उनके साथ आने वाले लोग उसे आसानी से देख और समझ सकें।

इलाज का खर्च जानने में मिलेगी मदद



अस्पतालों में इलाज शुरू होने के बाद कई बार मरीजों और उनके परिजनों को जांच, परामर्श, प्रक्रियाओं, अस्पताल में भर्ती रहने और अन्य सुविधाओं के वास्तविक खर्च का स्पष्ट अनुमान नहीं मिल पाता। उपचार के दौरान बिल में विभिन्न मदों के जुड़ने से कई बार मरीजों और अस्पताल प्रबंधन के बीच विवाद की स्थिति भी पैदा होती है। केंद्र सरकार की इस पहल का उद्देश्य ऐसी समस्याओं को कम करना है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने अपने पत्र में रेखांकित किया है कि यदि चिकित्सा सेवाओं की दरें स्पष्ट और प्रमुखता से प्रदर्शित होंगी तो मरीज तथा उनके परिजन उपचार पर होने वाले संभावित खर्च को समझ सकेंगे। इससे उन्हें अपनी आर्थिक स्थिति के अनुरूप चिकित्सा संबंधी निर्णय लेने और इलाज के लिए बजट की योजना बनाने में सुविधा होगी।

नियमों के अनुपालन की समीक्षा करेंगे राज्य

केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लागू नियामकीय प्रावधानों के तहत अस्पतालों के अनुपालन की समीक्षा करने को कहा है। इसके साथ ही शुल्क संबंधी जानकारी को स्पष्ट, सुलभ और मरीजों की नजर में आने वाली जगहों पर उपलब्ध कराने के लिए उचित कदम उठाने का आग्रह किया गया है।इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि केवल दरों की सूची उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों के लिए उसे आसानी से देख पाना और समझ पाना भी जरूरी है। शुल्क की जानकारी स्पष्ट होने से अस्पताल में भर्ती होने से पहले उपचार की संभावित लागत का आकलन करना आसान हो सकता है। इससे मरीजों को उपलब्ध विकल्पों पर विचार करने और उपचार संबंधी निर्णय अधिक जानकारी के साथ लेने में मदद मिलेगी।

नाव पलटी, 15 बच्चों समेत 139 माइग्रेंट्स की मौत

एजेंसी ▶▶ सना

जिबूती से यमन जा रही एक नाव के डूबने से कम से कम 139 माइग्रेंट्स की मौत हो गई है, जिनमें कम से कम 15 बच्चे शामिल है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने बताया कि 300 से ज्यादा माइग्रेंट्स को ले जा रही यह नाव जिबूती के ओबोक शहर के उत्तर में गुहेरे के पास 8-9 अक्टूबर की रात हादसे का शिकार हो गई। नाव पर 305 लोग सवार थे, जिनमें से लगभग 82 माइग्रेंट्स को रेस्क्यू कर लिया गया है, जबकि करीब 84 लोग अब भी लापता है। जिबूती में आईओएम के मिशन प्रमुख एलेक्जेंड्रे कॉइसैक ने कहा, 'हमारी टीमें लोकल अथॉरिटीज के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर इमरजेंसी असिस्टेंस दे रही है। यह हादसा इस बात की याद दिलाता है कि आर्थिक अवसरों की तलाश में इस कॉरिडोर से गुजरने वाले माइग्रेंट्स को कितना खतरा उठाना पड़ता है।' आईओएम के बयान में कहा गया है कि जिबूती की लोकल अथॉरिटीज सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के साथ ही जीवित बचे माइग्रेंट्स को मेडिकल केयर देने और मृतकों के अंतिम संस्कार का इंतजाम कर रही है।

जिबूती से यमन जाने के दौरान बड़ा हादसा

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद से हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद

शिकायत नहीं, संकल्प चाहिए, अगर प्रतिभा को मौका मिले, तो खुल जाती है सफलता की राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और कोच पुलेला गोपीचंद के नाम से रायपुर में भी बैडमिंटन अकादमी खोली गई है। इस संबंध में कोच गोपीचंद का साफ कहना है, यह अकादमी सिर्फ मेरे नाम से नहीं रहेगी, मैं भी यहां लगातार आऊंगा और यहां की प्रतिभाओं को निखारने का काम किया जाएगा। वे कहते हैं, शिकायत नहीं संकल्प चाहिए। अगर प्रतिभा को मौका मिले तो सफलता की राह खुल जाती है। सपने बड़े हों, तो सुविधाओं का इंतजार नहीं, रास्ते बनाने पड़ते हैं। प्रस्तुत है, कोच पुलेला गोपीचंद से हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सार्थक संवाद के अंश।

खास खबर



⏭ उस दौर में आपने रैकेट थामा, जिस समय सामान्य मध्यमवर्गीय परिवारों में कहा जाता था, बेटा पढ़ो, पढ़ोगे तो कुछ बन जाओगे, नहीं तो चप्पलें चटकाओगे, कैसे?

⏭ परिवार का सपोर्ट था और हमारे पिता एक बैंक में काम करते थे तो उनका ट्रांसफर होते-होते हम हैदराबाद पहुंचे, करीब 1985 के टाइम पे। तब देश में सभी लोग क्रिकेट खेलना चाह रहे थे, हम भी ऐसे ही थे। थोड़ा-बहुत खेला घर पे, मतलब अपार्टमेंट में और थोड़े विंडोज हमने भी तोड़े तो नेबर्स ने कंप्लेन की, तब माताजी ने बोला कि चलो स्टेडियम लेकर चलते हैं। क्रिकेट में एडमिशन मिला नहीं, और टेनिस के बारे में पैरेंट्स सोचते हैं कि बहुत महंगा खेल है, इसलिए बैडमिंटन ज्वाइन किया, एडमिशन मिल रहा था। उसके बाद पढ़ाई और खेल का जो बैलेंसिंग एक्ट था, वो काफी मुश्किल था।

⏭ दो चीजें आपसे जाननी थीं, एक तो आपने ये बताया कि आप जब जूनियर नेशनल चैंपियन बने, उस समय बमुश्किल आपकी 17-18 साल की उम्र थी। आपने बताया कि 91 में आपको टाटा स्टील में जॉब मिल गई। एक 17-18 साल ⏭शेष पेज 5 पर

500 सालों से आस्था का केंद्र, ढीमर समाज 200 बरस से कर रहा सेवा

यशवंत साहू ⏭ धमतरी



नवरात्रि-3 दिन

शहर के महिमा सागर वार्ड स्थित शीतला माता मंदिर आस्था, परंपरा और ऐतिहासिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। पौराणिक मान्यताओं और बुजुर्गों के अनुसार, यह मंदिर लगभग 500 वर्ष पुराना है। मान्यता है कि धमतरी गांव की स्थापना के समय ही माता शीतला की स्थापना की गई थी। उस दौर में मंदिर घने जंगलों के बीच स्थित ⏭शेष पेज 5 पर

शिलालेख में दर्ज है बावड़ी निर्माण का उल्लेख

मंदिर की सेवा और सुरक्षा ढीमर समाज द्वारा 200 वर्षों से अधिक समय से की जा रही है। समाज ⏭शेष पेज 5 पर



पाठक सूचना

हरिभूमि

सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

का मास्टर कूपन **कल** के अंक में देखें।

मोजे में छिपाकर लाया 86 लाख का सोना

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मस्कट से आए एक यात्री के मोजे में छिपाकर लाया गया 85.76 लाख रुपए मूल्य का 587 ग्राम सोना जब्त किया गया है। यात्री को 10 अक्टूबर को मस्कट से आने के बाद हवाई अड्डे के टर्मिनल-तीन पर रोका गया। वह नौ अक्टूबर को दुबई से विमान के जरिये मस्कट पहुंचा था। यात्री की तलाशी लेने पर उसके मोजे में छिपाकर रखी गई दो आयताकार थैलियों में सोने का पेस्ट मिला।

लगातार 11वें महीने बढ़ी खुदरा महंगाई

महंगाई का 'आतंक', सब्जियों के दाम ने बिगाड़ा घर का बजट!

देश में महंगाई को लेकर आम लोगों की चिंता एक बार फिर बढ़ गई है। सितंबर महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.54 प्रतिशत पर पहुंचने की खबर से घरेलू बजट पर दबाव बढ़ने की आशंका है। आलू, प्याज, टमाटर जैसी सब्जियों और खाने-पीने की चीजों के दाम चढ़े हैं। मिडिल ईस्ट में तनाव की वजह से कच्चा तेल भी महंगा हुआ है। इन कारणों से महंगाई लगातार 11वें महीने बढ़ी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्याज और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी के कारण खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 5.54 प्रतिशत हो गई। हालांकि, यह भारतीय रिजर्व बैंक के लिए निर्धारित संतोषजनक सीमा के भीतर है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में 4.83 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 7.74 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त में 5.97 ⏭शेष पेज 5 पर

- प्याज ने रुलाया, नींबू में बढ़ी खटास, टमाटर भी हुआ लाल
- कच्चे तेल में लगातार बढ़ोतरी का भी दिखा असर



अदरक, लहसुन, और नींबू के दाम बढ़े

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र पंत ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति सितंबर में सालाना आधार पर 7.74 प्रतिशत रही, जो 21 महीने का उच्च स्तर है। उन्होंने कहा कि अदरक, लहसुन और नींबू जैसी आम उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में दो अंक में वृद्धि दर्ज की गई, जबकि प्याज की कीमतों में तीन अंक में बढ़ोतरी हुई।

एक्सपर्ट व्यू

मौसम का दबाव

एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की मुख्य अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा ने अनुमान जताया कि वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी तिमाही में मुद्रास्फीति औसतन करीब 6.1 प्रतिशत रह सकती है। अरोड़ा ने कहा, तेल से जुड़ी लागत के अलावा प्रतिकूल मौसम भी खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ा रहा है। अल नीनो का असर 2027 तक बने रहने की आशंका है। फसलों के उत्पादन में चक्रीय उतार-चढ़ाव और जैव ईंधन के लिए अधिक फसल इस्तेमाल किए जाने से आपूर्ति संबंधी जोखिम और बढ़ रहे हैं। एनएसओ ने बताया कि वह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1,407 चुनिंदा शहरी बाजारों और 1,465 गांवों से साप्ताहिक आधार पर वास्तविक समय में कीमतों के आंकड़े एकत्र करता है।

चिंतन

अब पेश करने ही होंगे सबूत



मुद्दा
ओमकार चौधरी

लोकतंत्र में सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है और उनका जवाब देना सरकार व संवैधानिक संस्थाओं की जिम्मेदारी। लेकिन जब सवाल चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा हो, तो आरोपों के साथ प्रमाण भी जरूरी होते हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित गड़बड़ियों को लेकर इंडिया ब्लॉक के 11 नेताओं का सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करना इसी कसौटी पर परखा जाएगा। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव समेत विपक्षी नेताओं ने निर्वाचन आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भी याचिका में पक्षकार बनाया है। अब विपक्ष को बताना होगा कि गड़बड़ी कहां हुई, कितने मतदाता प्रभावित हुए और उसके समर्थन में क्या सबूत हैं। सियासी शक्ति प्रदर्शन से मुद्दा चर्चा में आ सकता है, लेकिन आरोप प्रमाणों से ही सिद्ध होते हैं। याचिका दाखिल करने से पहले विपक्षी नेताओं ने प्रधान न्यायाधीश से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने का समय मांगा था। इसके बाद बाराखंबा से सर्वोच्च न्यायालय तक मार्च निकाला गया। राहुल गांधी ने इस मार्च की तुलना 'शिवजी की बारात' से की। विभिन्न दलों की भागीदारी और नेताओं की मौजूदगी ने इसे राजनीतिक घटनाक्रम जरूर बनाया, लेकिन मार्च का आकार आरोपों की सत्यता का प्रमाण नहीं है। विपक्ष को अब राजनीतिक नारों से आगे बढ़कर तथ्य सामने रखने होंगे। चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करना अलग बात है और चुनावी प्रक्रिया में अनियमितता साबित करना अलग। दोनों को एक मानना उचित नहीं होगा। हालांकि, विपक्ष से प्रमाण मांगने का अर्थ उसकी शिकायतों को खारिज करना भी नहीं है। मतदाता सूची से किसी पात्र नागरिक का नाम गलत तरीके से हटना गंभीर मामला है। निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह प्रक्रिया में पारदर्शिता रखे, शिकायतों का निपटारा करे और त्रुटियां मिलने पर पूरी जवाबदेही के साथ सुधार सुनिश्चित करे। किसी संस्था को सवालों से परे नहीं रखा जा सकता, लेकिन बिना प्रमाण लगाए गए आरोपों को भी अंतिम सच नहीं माना जा सकता। न्यायिक जांच का उद्देश्य ही आरोपों और तथ्यों के बीच अंतर स्पष्ट करना है। कुल मिलाकर अब विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सबूत पेश करने ही होंगे। इसी बीच जंतर-मंतर को निर्धारित प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटाने का फैसला भी चर्चा में है। गृह मंत्रालय की समिति की सिफारिश पर रामलीला मैदान, बुराड़ी और पूर्वी दिल्ली के सीबीडी मैदान को प्रदर्शन का वैकल्पिक स्थल बनाया गया है। अण्णा आंदोलन से लेकर पहलवानों के प्रदर्शन तक, जंतर-मंतर लंबे समय से विरोध की आवाज का प्रमुख केंद्र रहा है। संसद के निकट होने के कारण इसका प्रतीकात्मक महत्व भी है। सुरक्षा, यातायात और सार्वजनिक व्यवस्था की चिंताएं अपनी जगह हैं, लेकिन इनके समाधान के नाम पर शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। वैकल्पिक स्थलों पर पर्याप्त सुविधाएं और स्पष्ट नियम सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोकतंत्र में सरकार की जवाबदेही और विपक्ष की जिम्मेदारी, दोनों अनिवार्य हैं। निर्वाचन आयोग को पारदर्शिता से काम करना होगा और विपक्ष को आरोपों के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। यदि गड़बड़ी हुई है तो उसका खुलासा और सुधार हो; यदि आरोप प्रमाणित नहीं होते तो राजनीतिक दावों की समीक्षा भी हो। लोकतंत्र की विश्वसनीयता शोर से नहीं, तथ्यों, पारदर्शिता और जवाबदेही से मजबूत होती है।

पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा बढ़ा

रियाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हूती विद्रोहियों के लगातार हमलों ने पश्चिम एशिया को बड़े क्षेत्रीय संघर्ष के मुहाने पर ला खड़ा किया है। दो दिन में हुए हमलों में 13 लोगों की मौत और सैकड़ों के घायल होने से नागरिकों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठे हैं। मृतकों में एक भारतीय भी शामिल है। हवाई सेवाएं बाधित हैं और सऊदी अरब की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। अमेरिका की संभावित सैन्य भागीदारी से टकराव के और व्यापक होने का खतरा है। इसका असर खाड़ी देशों में काम कर रहे भारतीयों की सुरक्षा से लेकर वैश्विक तेल आपूर्ति और व्यापार तक पड़ सकता है। ऐसे में सैन्य जवाबी कार्रवाई के बजाय संघर्ष को फैलने से रोकना और यमन संकट का राजनीतिक समाधान तलाशना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की प्राथमिकता होनी चाहिए।

सऊदी अरब की राजधानी रियाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यमन के हूती विद्रोहियों के लगातार हमलों ने पश्चिम एशिया में सुरक्षा संकट गहरा दिया है। शनिवार, 10 अक्टूबर 2026 को हुए हमले में 13 लोगों की मृत्यु हुई और 309 लोग घायल हुए। मृतकों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। रविवार, 11 अक्टूबर को लगातार दूसरे दिन हवाई अड्डे को निशाना बनाया गया। इन घटनाओं से अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाएं प्रभावित हुई हैं और सऊदी अरब की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठे हैं। अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई ने संघर्ष के व्यापक क्षेत्रीय युद्ध में बदलने की आशंका बढ़ा दी है। रियाद का किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सऊदी अरब के प्रमुख विमानन केंद्रों में शामिल है। शनिवार को हुए हमले से तीसरे और चौथे यात्री भवन के आसपास भारी नुकसान हुआ। विस्फोटों के बाद परिसर में अफरातफरी मच गई। यात्रियों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बचाव दलों ने घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया। सऊदी अधिकारियों के अनुसार, हमले में प्रारंभिक रूप से 12 लोगों की मृत्यु हुई थी। मृतकों में चार सऊदी नागरिक, दो बांग्लादेशी तथा अमेरिका, मिस्र, जॉर्डन, फलस्तीन, सीरिया और सूडान के एक-एक नागरिक शामिल थे। बाद में अस्पताल में एक भारतीय नागरिक की मृत्यु होने से मृतकों की संख्या 13 हो गई। इस हमले का शिकार विभिन्न देशों के निर्दोष नागरिक बने।

शनिवार की तबाही से हवाई अड्डा उबर भी नहीं पाया था कि रविवार को दोबारा हमला हो गया। सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन के अनुसार, एक प्रक्षेपास्त्र चौथे यात्री भवन से टकराया, जिससे आग लग गई। अधिकारियों ने एक अन्य प्रक्षेपास्त्र को हवाई अड्डे के समीप रोकने की जानकारी दी। दूसरे हमले में भी लोग घायल हुए, हालांकि उनकी अंतिम संख्या स्पष्ट नहीं थी। लगातार हमलों ने अत्याधुनिक हवाई रक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए।भारत के लिए यह घटना विशेष चिंता का विषय है। शनिवार के हमले में घायल भारतीय नागरिक की रविवार को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। उसकी पहचान हैदराबाद निवासी मोहम्मद यूसुफ अली के रूप में सामने आई। परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हुए। भारतीय दूतावास ने पीड़ित परिवार से संपर्क कर आवश्यक सहायता और पार्थिव शरीर भारत पहुंचाने का आश्वासन दिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। भारतीय हताहतों की संख्या को लेकर प्रारंभिक सूचनाओं में अंतर था। उपलब्ध विवरणों के अनुसार, एक भारतीय की मृत्यु हुई और दस अन्य घायल हुए। रविवार के दूसरे हमले में अलग से 12 भारतीयों के घायल होने के दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।भारत के विदेश मंत्रालय ने नागरिकों और नागरिक सुविधाओं पर हमलों की कड़ी निंदा की। मंत्रालय ने ऐसे हमले तत्काल रोकने की मांग करते हुए सऊदी अरब की संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति समर्थन दोहराया। रियाद स्थित भारतीय दूतावास स्थानीय अधिकारियों तथा अस्पतालों के संपर्क में है।भारत की चिंता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सऊदी अरब सहित खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय काम करते हैं। ये कर्मचारी भारत



में अपने परिवारों को धन भेजते हैं। संघर्ष बढ़ने से उनकी सुरक्षा, रोजगार और आवागमन प्रभावित हो सकता है। भारत के सामने अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और क्षेत्रीय संबंधों में संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। हूती विद्रोहियों ने हमलों की जिम्मेदारी स्वीकार की है। यमन में सक्रिय इस संगठन का सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन के साथ लंबे समय से संघर्ष चल रहा है। हूती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है।

उनका आरोप है कि यमन में सऊदी सैन्य हस्तक्षेप से व्यापक जनहानि हुई है। संगठन ने रियाद पर हमलों को उसी कार्रवाई का जवाब बताया और भविष्य में भी सऊदी ठिकानों पर हमले जारी रखने की धमकी दी।लेकिन किसी संघर्ष में नागरिक हवाई अड्डों और यात्रियों को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के गंभीर प्रश्न खड़े करता है। सैन्य संघर्ष में भी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने हमलों को युद्ध अपराध बताते हुए कठोर जवाब देने की चेतावनी दी। इसके बाद यमन में सैन्य कार्रवाई तेज होने की खबरें आईं। दोनों पक्षों की जवाबी कार्रवाई संघर्ष को अधिक खतरनाक बना सकती है। रियाद हवाई अड्डे पर हमलों का सिलसिला अक्टूबर में अचानक शुरू नहीं हुआ। सितंबर में ईंधन भंडारण क्षेत्र के समीप हमले और आग लगने की खबर आई थी। अक्टूबर के पहले सप्ताह में रियाद तथा आभा के हवाई अड्डों को निशाना बनाया गया। आठ अक्टूबर को एक खड़े यात्री विमान को नुकसान पहुंचने तथा सऊदी विमान चालक सहित तीन नागरिकों की मृत्यु की जानकारी सामने आई। इन घटनाओं से संकेत मिलता है कि सऊदी अरब का विमानन ढांचा हूती विद्रोहियों की रणनीति का महत्वपूर्ण लक्ष्य बन गया है। सऊदी अरब के लिए संकट केवल हवाई अड्डों तक सीमित नहीं है। उसकी अर्थव्यवस्था में तेल उत्पादन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, पर्यटन और विदेशी निवेश की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश तेल पर निर्भरता घटाकर पर्यटन, उद्योग और व्यापार का विस्तार करना चाहता है। लेकिन राजधानी के प्रमुख हवाई अड्डे पर लगातार हमले विदेशी निवेशकों का विश्वास प्रभावित कर सकते हैं। यात्री सुरक्षा पर संदेह बढ़ने से पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को भी नुकसान पहुंच सकता है। सऊदी अरब की सुरक्षा के लिए प्रत्यक्ष सैन्य हस्तक्षेप किया जाता है तो यमन में संघर्ष और तेज हो सकता है। दूसरी ओर निष्क्रिय रहने से हूती विद्रोहियों को प्रोत्साहन मिलने की आशंका है। अमेरिकी कार्रवाई होने पर ईरान की संभावित प्रतिक्रिया और लाल सागर के समुद्री व्यापार पर उसके प्रभाव को भी ध्यान में रखना होगा।ब्रिटेन और अन्य पश्चिमी देशों ने भी हमलों पर चिंता जताई है।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने प्रश्न यह है कि क्या केवल सैन्य जवाब से हूती विद्रोहियों को रोका जा सकता है अथवा यमन के लंबे संघर्ष का राजनीतिक समाधान तलाशना आवश्यक है। पिछले वर्षों का अनुभव बताता है कि सैन्य हमलों के बावजूद हूती संगठन की आक्रमण क्षमता समाप्त नहीं हुई है।इस संघर्ष का आर्थिक प्रभाव सऊदी अरब से बाहर भी पड़ सकता है। पश्चिम एशिया विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। तेल प्रतिष्ठानों और समुद्री मार्गों पर खतरा बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनिश्चितता पैदा हो सकती है। भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए यह विशेष चिंता का विषय है। भारत की प्राथमिकता अपने नागरिकों की सुरक्षा, सऊदी अरब के साथ सहयोग और क्षेत्रीय शांति की बहाली होनी चाहिए। रियाद की त्रासदी चेतावनी है कि पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव अनियंत्रित हुआ तो उसके मानवीय, राजनीतिक और आर्थिक परिणाम पूरे विश्व को प्रभावित करेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पैरवी
रितीश उपाध्याय



न्याय की राह में आर्थिक मजबूरी न बने बाधा

न्याय केवल अदालतों के दरवाज़े खुले होने से नहीं मिलता। उसके लिए यह भी जरूरी है कि आम नागरिक अपने अधिकारों को समझते हुए न्यायालय की प्रक्रिया में हिस्सा ले सके और उसे एक सक्षम वकील की सहायता मिल पाए, लेकिन जब वकील की फीस चुकाना ही किसी व्यक्ति के लिए नामुमकिन हो जाए, तो न्याय तक उसकी पहुंच एकदम सीमित हो जाती है। इसी प्रकार की असमानता को दूर करने के लिए भारत के संविधान ने निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था प्रदान की है। लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या यह व्यवस्था ज़रूरतमंदों को सिर्फ वकील उपलब्ध करा रही है या सच में आमजन को प्रभावी प्रतिनिधित्व और न्याय दिला पा रही है? अनुच्छेद 39ए के अंतर्गत भारत के संविधान ने राज्य को यह निर्देश दिया है कि कानूनी व्यवस्था समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा दे और आर्थिक या किसी और प्रकार की अक्षमताओं के कारण किसी नागरिक को न्याय से वंचित न होने दिया जाए। यह राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों का हिस्सा है। सर्वोच्च न्यायालय ने मुफ्त कानूनी सहायता को निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया के संवैधानिक सिद्धांत से जोड़ा है, साथ ही न्यायालय ने समय-समय पर यह माना है कि अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का अर्थ केवल जीवित रहने का अधिकार नहीं, बल्कि कानून के अनुरूप निष्पक्ष प्रक्रिया और न्याय मिलना भी है। हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य 1979, में सुप्रीम कोर्ट ने लंबे समय से जेलों में बंद कैदियों की स्थिति पर ध्यान दिया और इस फैसले ने यह भी स्पष्ट किया कि गरीब व्यक्ति को मुफ्त कानूनी सहायता न मिलना निष्पक्ष न्याय के रास्ते में गंभीर बाधा है। कानूनी अधिकार तभी सार्थक हैं, जब व्यक्ति उन्हें इस्तेमाल करने की स्थिति में भी हो। लीगल सर्विसेज़ ऑथोरिटी एक्ट, 1987 ने इस संवैधानिक उद्देश्य को लागू करने के लिए राष्ट्रीय, राज्य, जिला और तालुका स्तर पर संस्थागत व्यवस्था बनाई है। इस अधिनियम की धारा 12 के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्य, मानव तस्करी या बेगार के पीड़ित, महिलाएं, बच्चे जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है, दिव्यांग व्यक्ति, निर्दिष्ट आपदाओं और हिंसा के पीड़ित, औद्योगिक श्रमिक तथा हिरासत में रखे गए व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता के पात्र हैं। इन सब के अलावा सामान्य वर्ग के लोग जो निर्धारित आय-सीमा के भीतर आते हैं वो भी सहायता मांग सकते हैं। एनएएलएसए की हेल्पलाइन 15100 और उसकी आधिकारिक वेबसाइट भी जानकारी पाने के माध्यम हैं। सिर्फ वकील मिलना ही काफी नहीं है, कानूनी सहायता की असल परीक्षा अदालत में होती है। उम्मेद देवी बनाम राजस्थान राज्य 2026 के मामले में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इसी अंतर को स्पष्टता से रेखांकित किया है। दहेज संबंधी मांग और कथित उत्पीड़न से जुड़े मामले में अपनी बेटी की मृत्यु के संबंध में आरोपित व्यक्तियों की बरी किए जाने के खिलाफ उम्मेद देवी ने अपील की थी। अपील को दाखिल करने में 19 दिन की देरी हुई और उसे माफ कराने के लिए जरूरी आवेदन नहीं लगाया गया था। हाई कोर्ट में उनकी ओर से कोई वकील उपस्थित नहीं हुआ और मामला बंद कर दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि अदालतों को ऐसे कठिनाइयों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। जहां वकील की अनुपस्थिति या अपर्याप्त सहायता से किसी व्यक्ति का कानूनी अधिकार प्रभावित हो सकता है, वहां अदालत को प्रभावी कानूनी सहायता सुनिश्चित करने पर विचार करना चाहिए। नेशनल लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी (फ्री एंड कॉम्पिटेंट लीगल सर्विसेज) रेगुलेशनस, 2010 में पैनल के वकीलों के चयन और उनके काम की निगरानी के प्रावधान हैं। जरूरत इस बात की है कि इन प्रावधानों को काग़ज़ से निकालकर व्यवहार में लागू किया जाए। नियमित समीक्षा, उचित प्रशिक्षण, मुवक्किलों से संवाद और खराब प्रदर्शन पर जवाबदेही तय करना भी अति आवश्यक है। मुफ्त कानूनी सहायता के समक्ष जागरूकता की कमी, अनुभवी वकीलों तक लोगों की पहुंच नहीं होना, सीमित संसाधन और कमजोर निगरानी जैसी चुनौतियां खड़ी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों, वंचित समुदायों और समाज के उस वर्ग तक जिसको इसकी सब से ज़ादा ज़रूरत है, वहां लोगों में इसकी जानकारी नहीं है। न्याय तक पहुंच का अर्थ केवल अदालत में प्रवेश नहीं, बल्कि वहां अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का अवसर भी है। जब तक यह अवसर समाज में उपस्थित हर ज़रूरतमंद व्यक्ति को वास्तविक रूप से नहीं मिलता, समान न्याय का वादा अधूरा रहेगा।

(लेखक सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित
दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

घमंड न करें व दूसरों को कमजोर न समझें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

अंतर्मन



आज की पाती

सपनों को संकल्प में बदलने की सीख

विद्यार्थी किसी भी देश का भविष्य ही नहीं, उसकी संभावनाओं और प्रगति के सबसे मजबूत आधार भी होते हैं। उनके विचारों में नवीनता, आंखों में सपने और कुछ नया कर गुजरने का उत्साह समाज को आगे बढ़ाने की शक्ति देता है। इसी भावना के साथ भारत में प्रति वर्ष 15 अक्टूबर को विश्व छात्र दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक और युवाओं के प्रेरणास्रोत डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के कारण विशेष महत्व रखता है। हालांकि, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को आधिकारिक रूप से विश्व छात्र दिवस घोषित नहीं किया है। इसके बावजूद भारत में यह अवसर विद्यार्थियों को कलाम के विचारों से जोड़ने और शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने का माध्यम बन गया है। *- दिलीप श्रीवास्तव, धमतरी*

करंट अफेयर

उ. कोरिया ने कई बैलिस्टिक मिसाइलें समुद्र की ओर दागीं

उत्तर कोरिया ने सोमवार को अपने पूर्वी समुद्री क्षेत्र की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। हाल के दिनों में हथियारों के प्रदर्शन की बढ़ती घटनाओं के बीच इस प्रक्षेपण से तनाव और बढ़ गया है। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक बातचीत लंबे समय से ठप है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि ये मिसाइलें उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के आसपास के क्षेत्र से दागी गईं। उत्तर कोरिया ने हाल के वर्षों में अपने हवाई अड्डे का इस्तेमाल मिसाइलों के प्रक्षेपण के एक प्रमुख केंद्र के रूप में किया है। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने तत्काल यह स्पष्ट नहीं किया कि कितनी मिसाइलें दागी गईं या उन्होंने कितनी दूरी तय की। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने कम से कम दो मिसाइलों का पता लगाया और आकलन किया कि ये मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर समुद्र में गिरीं। यह प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया द्वारा शुक्रवार को अपने देश में विकसित पहली हाइपरसोनिक मिसाइल का उड़ान परीक्षण किए जाने के कुछ दिनों बाद हुआ। इस हथियार को ध्वनि की गति से कम से कम पांच गुना तेज उड़ान भरने और मिसाइल रक्षा प्रणालियों को चकमा देने के लिए तैयार किया गया है।



ऑफ बीट

केवल एक परमाणु पक्षी का रंग बदल सकता है

पूरे जंतु जगत में पक्षी सबसे रंगीन जीवों में से एक हैं। लेकिन इतने सारे रंगों वाले पक्षी अलग अलग कैसे होते हैं? चमकीले लाल, नारंगी और पीले पंख या चोंच वाले लगभग सभी पक्षी अपने रंग उत्पन्न करने के लिए कैरोटीनॉयड नामक पिगमेंट के समूह का उपयोग करते हैं। लेकिन, ये पक्षी सीधे तौर पर कैरोटीनॉयड नहीं बना सकते। उन्हें अपने आहार में पौधों से ये तत्व प्राप्त करने होते हैं। तोते इस नियम के अपवाद हैं, जिन्होंने रंगीन रंगद्रव्य बनाने का एक बिल्कुल नया तरीका विकसित किया है, जिसे 'सिटाकोफल्विन'' कहते हैं। वैज्ञानिकों को इन विभिन्न रंगों के बारे में कुछ समय से जानकारी है, लेकिन पक्षियों द्वारा रंग में भिन्नता लाने के लिए इनका उपयोग करने के पीछे के जैव-रासायनिक और आनुवंशिकी आधार को लेकर उनकी समझ अभी सीमित है। हालांकि, तोते और 'फिंच' (रंग बिरंगी छोटी चिड़ियों की प्रजाति) के बारे में हाल ही में किए गए दो अलग-अलग अध्ययनों ने इस रहस्य पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है। एक अध्ययन 'करेंट बायोलॉजी' में प्रकाशित हुआ है जिसका नेतृत्व हममें से एक (डैनियल हूपर) ने किया था। दूसरे अध्ययन का नेतृत्व पुर्तगाली जीवविज्ञानी रॉबर्टो अबोरे ने किया और उसे 'साइंस' पत्रिका में प्रकाशित किया गया।



नोबेल पुरस्कार
डॉ. रविन्द्र ब्रह्मे



अर्थव्यवस्थाओं को स्थिर करने किया बुनियादी मॉडल विकसित

अमेरिकी अर्थशास्त्री रॉबर्ट हॉल और माइकल वुडफोर्ड को 2026 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिला। उन्हें यह पुरस्कार अर्थव्यवस्थाओं को स्थिर करने के लिए दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों और वित्त मंत्रालयों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे बुनियादी मॉडल विकसित करने के दशकों के काम के लिए दिया गया। इनकी मदद से हम अर्थव्यवस्था में आने वाले झटकों, जैसे कि ऊर्जा संकट या परिवारों की खपत में अचानक बदलाव, से बेहतर ढंग से निपट सकते हैं। इस साल अर्थशास्त्र के क्षेत्र में सम्मानित रॉबर्ट ई. हॉल और माइकल वुडफोर्ड ने नए वृहद आर्थिक मॉडल विकसित किए हैं, जिनसे प्रभावशाली तरीके से अर्थव्यवस्था में तेजी और मंदी की स्थिति को नियंत्रित करने संबंधी नीतियों को लागू करने की हमारी क्षमता में काफी सुधार हुआ है। इन मॉडलों के आधार पर, सही समय पर राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों के उपाय अपनाकर अर्थव्यवस्था में आने वाले उतार-चढ़ाव को कम किया जा सकता है। दोनों अर्थशास्त्रियों ने यह बताया कि कैसे वृहद आर्थिक मॉडल को सूक्ष्म आर्थिक आधारों पर फिर से बनाया जा सकता है-यह दिखाते हुए कि कैसे अलग-अलग परिवार और बिज़नेस बचत और कीमत तय करने के बारे में भविष्य को ध्यान में रखकर फैसले लेते हैं, जिससे सेंट्रल बैंक और सरकारें लोगों की उम्मीदों को बेहतर ढंग से आकार दे सकती हैं और आर्थिक उतार-चढ़ाव को संतुलित कर सकती हैं। विजेताओं के कार्यों से नीति निर्माताओं को तेजी और मंदी से निपटने के लिए बेहतर ढंग से तैयार होने में मदद मिलती है। नए ढांचे ने वैश्विक वित्तीय संकट के बाद नीति निर्माण में सहायता की है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के 70 वर्षीय वुडफोर्ड ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'अधिकारियों को अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाने के काम को सिर्फ़ ऐसे काम के तौर पर नहीं देखना चाहिए जिसमें लोग अर्थव्यवस्था को कंट्रोल करने के लिए लीवर खींचते हैं, और इसका अर्थव्यवस्था में मौजूद लोगों की समझ से कोई लेना-देना नहीं होता।'

-प्रोफेसर अर्थशास्त्र, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

MARUTI SUZUKI

NEXA

EXPERIENCE
A NEW DAWN OF
ELECTRIC MOBILITY.



NOW WITH
FREE
HOME CHARGER

e VITARA
India goes electric



543 km RANGE#

BaaS price
₹10.99 LAKH**
Battery EMI @ ₹3.99/km

₹80 000*
WORTH OF BENEFITS
₹30 000 Exchange Bonus
+ Free Home Charger Worth ₹50 000

NEXA edge
60% ASSURED BUYBACK AFTER 3 YEARS
8 YEARS WARRANTY
• BATTERY: 8 YEARS
• VEHICLE: 3+5(PAID) YEARS

SCAN TO CONNECT TO
A SHOWROOM NEAR YOU

E-BOOK TODAY @
WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Creative Visualisation. Images used are for illustration purposes only. Applicable T&C available at the nearest dealership. #543 km range: Certified range; actual results may vary by driving conditions and usage. Assured buyback plan is available on payment basis with the option of 3 years/45 000 km or 4 years/60 000 km ownership plans (whichever is earlier). The program is offered through an insurance company. e VITARA comes with standard warranty of 3 years or 1 00 000 km (whichever is earlier) with an option of extending the same on payment basis to 5 years or 1 40 000 km (whichever is earlier), and service activated coverage for 6th to 8th year for EV related components. *Offers and their related terms may vary, are subject to availability of stock, and are valid for a limited period. Maruti Suzuki reserves the right to modify, withdraw or discontinue any offer at any time without prior notice. **₹10.99 lakh (ex-showroom) price for e VITARA Delta. Battery EMI: ₹3.99/km (subject to applicable financier terms). Taxes and other applicable statutory charges are extra.

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 3213/न.पा.नि. / 2026 रायगढ़ दिनाँक 12/10/26

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
01	198256	बालसमुन्द तालाब उन्नयन एवं विकास कार्य ।(3rd Call)	2026.92	23.10.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

इलेक्ट्रिक कार में आग, चार लोग जिंदा जले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा वेस्ट बाईपास पर एक भीषण सड़क हादसे में इलेक्ट्रिक कार में आग लग गई। इस हादसे में चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका इलाज जारी है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, कार में सवार सभी लोग गुंटूर के नंबुरु में एक समारोह में शामिल होने के बाद अपने घर वापस लौट रहे थे। जब वो विजयवाड़ा वेस्ट बाईपास से गुजर रहे थे, तभी अचानक इलेक्ट्रिक कार में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कार में सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला और वो अंदर ही फंस गए और चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में घायल हुए व्यक्ति की हालत भी बेहद नाजुक बताई जा रही है। हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की पहचान नुन्ना के रहने वाले कोमारेड्डी रामदेव (39), उनकी मां कोमारेड्डी अरुणा, एक बच्चे और नंबुरु के रहने वाले टिगुरु विजया के रूप में हुई है।

आग लगने के कारणों की जांच में जुटी

फिलहाल ये पता नहीं चल पाया है कि कार में आग कैसे लगी। तकनीकी जांच के बाद ही यह बात सामने आ पाएगी कि आग वाहन के बैटरी सिस्टम में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी या इसके पीछे कोई और वजह थी। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है।

कार्यालय, नगर पंचायत धरमजयगढ़ जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

क्र. 859 / लो.नि.वि/न.पं./2026-27 धरमजयगढ़ दिनांक 12/10/2026

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पंचायत, धरमजयगढ़, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	201412 (2nd call)	Construction of Sports Complex (At Ward No. 09 Deepnagar)	RS. 234.00 (SOR 231.20 + NON SOR 2.80)	27.10.2026
2	201420 (2nd call)	NEHRU GARDEN EXTENSION AND RENOVATION (AT WARD NO. 10 NARAITIKRA)	RS. 195.74 (SOR 183.45 + NON SOR 12.29)	27.10.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & www.cguad.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत धरमजयगढ़
जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़
स्वास्थ्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, अटल नगर, नवा रायपुर

क्रमांक/ESTB-101(3)/30/2026-DHS/623 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 09/10/2026

: सूचना पत्र :

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छ.ग. के पत्र दिनांक 11.09.2026 के द्वारा संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें के अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी स्टाफ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला/पुरुष, फार्मासिस्ट ग्रेड-2, वार्ड आया एवं वार्ड ब्वॉय का अंतिम चयन परिणाम / सूची का प्रकाशन विभागीय वेबसाइट के माध्यम से किया गया है।

स्टाफ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला/पुरुष, फार्मासिस्ट ग्रेड-2, वार्ड आया एवं वार्ड ब्वॉय का जारी अंतिम चयन परिणाम / सूची में अभ्यार्थियों का पदस्थापना के संबंध में काउंसलिंग के माध्यम से किया जाना है। काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाईन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) रायपुर, (छ.ग.) के माध्यम से किये जायेगें।

माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में कोविड-19 के 10 बोनस अंक के संबंध में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला के अभ्यार्थी डिम्पल ध्रुव द्वारा याचिका डब्ल्यू.पी.एस. क्रमांक 6590/2026 विरूद्ध छ.ग. शासन एवं अन्य दायर किया गया है जिसमें माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा दिनांक 22.09.2026 को पारित आदेश के परिपालन में 01 पद ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला का सुरक्षित रखे जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके परिपालन में याचिकाकर्ता अनुसूचित जनजाति (ST) होने के कारण अंतिम चयन परिणाम / सूची से अनुसूचित जनजाति संवर्ग के अंतिम अभ्यर्थी को पृथक रखा गया है।

माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में कोविड-19 के 10 बोनस अंक के संबंध में स्टाफ नर्स के अभ्यार्थी रेशमी गावरे द्वारा याचिका डब्ल्यू.पी.एस. क्रमांक 6815/2026 विरूद्ध छ.ग. शासन एवं अन्य दायर किया गया है जिसमें माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा दिनांक 22.09.2026 को पारित आदेश के परिपालन में 01 स्टाफ नर्स का सुरक्षित रखने का निर्णय लिया गया है। जिसके परिपालन में याचिकाकर्ता अनुसूचित जनजाति (ST) होने के कारण अंतिम चयन परिणाम / सूची से अनुसूचित जनजाति संवर्ग के अंतिम अभ्यर्थी को पृथक रखा गया है।

उपरोक्त नियुक्ति के संबंध में किसी भी प्रकार अंतिम निर्णय आयुक्त सह संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें द्वारा ली जावेंगी।

ऑनलाईन काउंसलिंग हेतु आवेदन करने के संबंध में दिशा-निर्देशः-

1. रजिस्ट्रेशन (Registration)- अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट https://cghealth.nic.in की ऑफिशियल वेबसाइट के नोटिसबोर्ड पर जाकर काउंसलिंग प्रक्रिया का विवरण, काउंसलिंग का शेड्यूल एवं काउंसलिंग संबंधित अन्य जानकारी का अवलोकन करने के **पश्चात** रजिस्ट्रेशन करें। (अभ्यर्थी की पंजीयन हेतु लिंक https://govthealth.cg.gov.in/cgsc-dhr/#/home है।
2. चॉइस फिलिंग-रजिस्ट्रेशन के बाद अभ्यर्थी अपनी पसंद की स्वास्थ्य संस्थाकी प्राथमिकता क्रम अंकित करते हुए विकल्प (Choice) भरेंगे। स्वास्थ्य संस्था की प्राथमिकता क्रम में चॉइस भरने के बाद उन्हें लॉक करना है। अभ्यर्थी को सभी विकल्पों को भरना अनिवार्य है।
3. पदस्थापना स्थल का अलॉटमेंट (Allotment)- अभ्यर्थी की मेरिट एवं अभ्यर्थी की संस्था के चॉइस के अनुसार पदस्थापना स्थल अलॉट होंगे। पदस्थापना स्थल अभ्यर्थीवार Allotment की जानकारी काउंसलिंग के चरणानुसार वेबसाइट पर जारी किये जायेगें।
4. यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा Registration/Choice filling निर्धारित समय-सारणी में नहीं किया जाता है तो ऐसी स्थिति में रिक्त संस्थानों के विरूद्ध Software द्वारा Random Allotment पद्धति के अनुसार उनका पदस्थापना स्थल का Allotment स्वमेव कर दिया जावेगा।
5. काउंसलिंग से संबंधित User Manual का भलीभांति अध्ययन कर फार्म भरें। किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।
6. अभ्यर्थी अपने चुने गये विकल्प को निर्धारित तिथि के भीतर संशोधित कर सकते है। निर्धारित तिथि के **पश्चात** संशोधन नहीं किया जा सकेगा।
7. काउंसलिंग प्रक्रिया का समय-सारणीः- अभ्यर्थी की पदस्थापना हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया का समय-सारणी निम्नानुसार निर्धारित किया गयाः-

क्रमांक	प्रक्रिया	निर्धारित तिथि
1	ऑनलाईन पंजीकरण	दिनांक 12.10.2026 से 20.10.2026 समय रात्रि 11.59 बजे तक।
	चॉइस फिलिंग	
2	सीट आबंटन	दिनांक 21.10.2026

आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवायें, द्वारा अनुमोदित

संयुक्त संचालक
(अविज्ञप्त/नर्सिंग) संचालनालय
स्वास्थ्य सेवायें छत्तीसगढ़

G-262703910/2

State Urban Development Agency, Chhattisgarh

4th Floor, D Block, Indrawati Bhavan (HOD Building),
Nava Raipur Atal Nagar, Chhattisgarh, 492002
Phone 0771-2222401 Fax 0771/2222409 Email: osd.suda@yahoo.com

RFP Notice

RFP NO.: PROJ-201/224/2026-SUDA (T M P F) SECTION / 434244-4

Nava Raipur Atal Nagar, Dated 09-10-2026

The State Urban Development Agency (SUDA), Chhattisgarh hereby invites proposals in conformity with the RFP document from registered and authorized agencies having experience and expertise in the similar field of work as per the criteria mentioned in the RFP document as below:

System Tender No.	Name of the Work	EMD	RFP Document Fee	Last date todownload the RFP
201317	"RFP for Selection of Consulting firm for Bid Process Management and to function as PDMC for the implementation of Projects under Affordable Housing in Partnership (AHP) component of Pradhan Mantri Awas Yojana - Urban 2.0 (PMAY-U 2.0) in the ULBs of Chhattisgarh"	INR 5,00,000/-	INR 10,000/-	30.10.2026

The details regarding conditions stipulated in the RFP, EMD, Key dates for submission, detailed RFP, RFP document and all the information related to the RFP can be viewed and downloaded from e-procurement portal https://eproc.cgstate.gov.in or departmental website https://uad.cg.gov.in.

SD/-
Chief Executive Officer
State Urban Development Agency,
Nava Raipur Atal Nagar

S-49389/1

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, दुर्ग (छत्तीसगढ़)
दूरभाष नं. 0788-2210180, ई-मेल deo-durg.cg@nic.in

निविदा सूचना

क्रमांक/ 927/ लेखा / सामा. निर्वा./ 2026 दुर्ग, दिनांक 12/10/2026

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दुर्ग जिले के अन्तर्गत 06 पूर्ण एवं 02 आंशिक विधानसभा क्षेत्र के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के मुद्रण कार्य हेतु इच्छुक योग्य फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा प्रारूप एवं निविदा शर्ते कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग से प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक निविदाकार शुल्क रु. 500/- (रूपये पांच सौ मात्र) कार्यालय में नगद जमा कर अथवा दुर्ग जिले की वेबसाइट https://durg.gov.in से भी डाउनलोड कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। निविदा शुल्क रसीद के अभाव में निविदा अमान्य किया जावेगा। निविदा प्रस्तुत करने का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

1. **निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि** - निविदा खुलने की तिथि से पूर्व दिवस दिनांक 02.11.2026 दिन सोमवार को समय 05.00 बजे तक, जिला निर्वाचन कार्यालय (सामान्य निर्वाचन शाखा) दुर्ग से क्रय किया जा सकता है
2. **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि** - दिनांक 03.11.2026 दिन मंगलवार को समय 03.00 बजे तक, जिला निर्वाचन कार्यालय (सामान्य निर्वाचन शाखा) दुर्ग में रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट द्वारा बन्द लिफाफा प्राप्त किया जायेगा।
3. **निविदा खोलने की तिथि** - दिनांक 03.11.2026 दिन मंगलवार को समय 04.00 बजे, जिला निर्वाचन कार्यालय (सामान्य निर्वाचन शाखा) दुर्ग में निविदा समिति एवं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोला जायेगा।

निर्धारित दिनांक को नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।

(कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अनुमोदित)

अपर कलेक्टर
एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

G-262703926/2

एसआईआर की फाइनल वोटर लिस्ट जारी
पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले 13 लाख वोट कटे

नई दिल्ली। पंजाब की फाइनल वोटर लिस्ट सोमवार (12 अक्टूबर) को जारी कर दी गई। एसआईआर शुरू होने से पहले राज्य में 2,14,61,043 मतदाता दर्ज थे, जो अब घटकर 2,01,00,727 रह गए हैं। यानी अंतिम सूची में 13.60 लाख से ज्यादा मतदाता कम हुए हैं, जो 6.33 फीसदी की कमी है। हालांकि, 13 अगस्त को जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची के मुकाबले अंतिम सूची में 3.64 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ड्राफ्ट सूची में कुल 1,93,94,435 मतदाता दर्ज थे। अंतिम मतदाता सूची में 1,03,76,026 पुरुष, 97,24,195 महिला और 506 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। एसआईआर से पहले की संख्या में कमी का कारण मतदाताओं की मृत्यु, स्थायी रूप से दूसरी जगह चले जाना, अनुपस्थित होना या डबल वोट बताया गया है। पंजाब की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिंदिता मित्रा के मुताबिक, चुनाव आयोग के निर्देशों के तहत राज्य में 25 जून से मतदाता सूची का एसआईआर शुरू किया गया था। पंजाब को एसआईआर 2026 के तीसरे चरण में शामिल किया गया था।

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER WATER RESOURCES DIVISION, PENDRA ROAD (C.G.)

CORRIGENDUM NO. 1

IN NIT No. 04/SAC/2026-27, Dated: 01.10.2026, System Tender No. 200228 (1st Call) whose G-Number - 262703714 following amendments are made-

S.No	Particular	Previous published	Amendments
1	TENDER DOCUMENT FOR ITEM RATE TENDER, FORM- B (ENVELOPE - 'C') Page No. 28 Annexur- I.1.1 Physical Turnover: S.No. 2. All Type of Concrete in any other Structures and PREQUALIFICATION DOCUMENT PART- I (ENVELOPE-'B'), Page No. 13 Annexur- I. 1.1 Physical Turnover : S.No. 2. All Type of Concrete in any other Structures	35188.41 x0.50 08/12 = 26391.31 Cum Say 26391.00 Cum	4251.93 x0.50 08/12 = 3188.95 Cum Say 3189.00 Cum
2	PREQUALIFICATION DOCUMENT PART - I (ENVELOPE - 'B'), Page No. 9, Clause 3.1 (i) S.No. 2. All Type of Concrete in any other Structures	26391.00 Cum	3189.00 Cum

All other terms and conditions of NIT will remain unchanged.

EXECUTIVE ENGINEER
WATER RESOURCES DIVISION PENDRA ROAD (C.G.)

G-262703914/4

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)
(जल जीवन मिशन)

"ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना" (निविदा आमंत्रण सूचना)

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य – पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो. स्वा.यां. विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 पर आमंत्रित की जा रही है। निविदाएँ पूर्व में कार्यदेशित ठेकेदार के द्वारा कार्य पूर्ण नहीं कर पाने के कारण कार्य निरस्त कर पुनः शेष बचे कार्यों पर आधारित है। ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें। आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है – (Risk & Cost)

क्र.	निविदा क्रमांक / दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम	कार्य की लागत (रू. लाख)	निविदा कॉल	अमानत राशि (रू. में)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	18/08.10.2026	201360	Usoor	PENKARAM	20.31	4th Call	15233/-
2	19/08.10.2026	201365	Bhopal Patnam	KOTUR	28.65	4th Call	21488/-

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) 24.10.2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि (Bid start date) 12.10.2026 से है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता / सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

G-262703921/3

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited

(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001:2015 Certified) 1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur(C.G.)- 492006, CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Regn. No. 22AABCM6288N5ZY Phone: 0771-6621000, Fax: 0771-2583794 Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

NOTICE INVITING TENDER [2nd Call] (Through e-Procurement Portal Only)

NIT No. 32/CSIDC/E.E./Division-I/2026-27/201321 Raipur, dated 09/10/2026

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender for the following work :-

S. No.	Name of Work	Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't.	Probable Amount of Contract (PAC) (INR Lacs)	Last Date for Submission of tender
A	Infrastructure development works i/c roads, drainage, culverts, water supply system & street light for Proposed New Industrial Area at Village-Anjani, District- Gaurela-pendra-Marwahi (C.G.)	Class-B & Above	3.07	23/10/2026

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of works and other details can be downloaded from the web portal (website) **https://eproc.cgstate.gov.in** from **09/10/2026** Time 17.01 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

NOTE: 1) The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using **18004199140** (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at **Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

Executive Engineer
(Division- I)

S-49394/1

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)
दूरभाष- 07642-252443, ई-मेल - eephedmal@mp.nic.in, फैक्स - 07642-253622

निविदा क्र. 66 से 73 / 2026-27 / नि.शाखा / लो.स्वा.यां. / 2026

मण्डला, दिनांक 09.10.2026

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत किये जाने की **अंतिम तिथि 21/10/2026 सायं 17.30 बजे तथा निविदा खुलने का दिनांक 23/10/2026 दोपहर 12.00 बजे** के पश्चात है। निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखा जा सकता है।

Drilling of 150/125/115 mm Dia 120 mtr. Deep Telescopic Tube Well

S. N.	NIT No.	Tender ID No.	Block	No. of Tube well	Probable Amount	EMD	Tender Doc. Fee	Time
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	66/ 26-27	2026_PHED_542194_1	Mandla	80	83.85	83850	10000	04 Month E/R
2	67/ 26-27	2026_PHED_542195_1	Mohgaon	80	83.85	83850	10000	04 Month E/R
3	68/ 26-27	2026_PHED_542196_1	Mawai	80	83.85	83850	10000	04 Month E/R
4	69/ 26-27	2026_PHED_542197_1	Ghughri	80	83.85	83850	10000	04 Month E/R
5	70/ 26-27	2026_PHED_542198_1	Nainpur	80	83.85	83850	10000	04 Month E/R
6	71/ 26-27	2026_PHED_542199_1	Bichhiya	80	83.85	83850	10000	04 Month E/R
7	72/ 26-27	2026_PHED_542200_1	Niwas	80	83.85	83850	10000	04 Month E/R
8	73/ 26-27	2026_PHED_542202_1	Narayanganj & Bijadandi	160	167.70	167700	12500	04 Month E/R

नोटः- निविदा पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मण्डला

G-19920/26

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

इंजीनियर/इलेक्ट्रीशियन

अर्जेंट आवश्यकता है - सोलर प्लांट O&M स्टाफ* सोलर प्लांट इंजीनियर – 3–4 वर्ष का सोलर O&M अनुभव। डिप्लोमा / इंजीनियरिंग योग्य। सोलर प्लांट इलेक्ट्रीशियन – 3–4 वर्ष का सोलर O&M अनुभव। ITI Electrical योग्य। स्थानः बिरगांव, रायपुर, छत्तीसगढ़ प्लांट क्षमताः 40 MW स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकता। इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें। **संपर्कः-** Tarun Dewangan : 8085379697 Bhawani Moulders Private Limited, Raipur (आरे-228)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- Marketing Representative श्री श्रृंगी हर्बल को बिक्री एवं प्रचार कार्य हेतु अनुभवी Marketing Representative की आवश्यकता है। अनुभव अनिवार्य। आकर्षक वेतन एवं इंसेंटिव। **संपर्कः शॉप न 32, द्वारिका बिजनेस सेंटर, डूमरतराई, रायपुर मोबाइलः 9516268000, 9300017800.** (आरे-090)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु 6-8 लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है वेतन-योग्यतानुसार। **संपर्क करें- लाईट, एन लाईट, जवाहर नगर चौक एमजी रोड, रायपुर** (आरे-16583)

आवश्यकता है- रिटेल फुटवियर की दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की शीघ्र आवश्यकता है। **संपर्क करें- लखानी शू एम्पोरियम, रेल्वे स्टेशन के सामने, रायपुर ,मोबाइल 8965950000.** (आरे-905)

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में (1) दुकान- कार्य-3 लड़को/ लड़कियों (2) सामान वितरण/ डिलीवरी- 4 लड़कों/ लड़कियों (3) कंप्यूटर वर्क के लिए- 2 लड़के /लड़कियों की आवश्यकता है। **संपर्क- 09826192427, करमचंद मेडिकोज, 17-A, पुराना मेडिकल कॉम्पलेक्स, मेकाहारा के पास रायपुर।** (आरे-227)

आवश्यकता है- सोना चांदी दुकान में सामान बेचने स्टाफ की आवश्यकता है । पेमेंट 10000 से 20000 तक, माल बेचना सिखा दिया जाएगा, मार्केट में परिचय वाले को प्राथमिकता । **संपर्क करें सुरेश ज्वेलर्स हलवाई लाइन रायपुर समय 1 से 8 बजे तक ।** 9893994319.(आरे- 222)

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता हैं वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोलबाजार, रायपुर मोबाइल नंबरः- 9329103178.** (आरे-091)

हरिभूमि क्लासीफाईड

ड्रायवर

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य, वेतन 15,000 प्रतिमाह। समय : सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक , **संपर्क करें: 9826708233 ,पता: 4/17, दक्षिण गंगोत्री, पोस्ट सुपेला, भिलाई (छ.ग.)** (आरे-SPD/0087)

कुक

आवश्यकता है- घरेलू कार्य एवं स्वादिष्ट खाना बनाने हेतु महिला चाहिए। 24 घंटे रहकर कार्य करना होगा। आयु 35–60 वर्ष। **स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई। वेतन 12,000 से 15000 प्रतिमाह। संपर्कः 9826708233.** (आरे-SPD/0086)

सर्विस

आवश्यकता है- विज्ञापन प्रचार में गाड़ी टाटा एस एवं ई-रिक्शा लगवाने हेतु **संपर्क करें -सरोना चौक लैंड रोवर शोरूम के पीछे लॉजिस्टिक पार्क रायपुर मो. 7974351591.** (आरे-4191)

Property प्रापर्टी

प्लाट

बेचना है- बिलासपुर सकरी मेन रोड से 50 मीटर पूर्ण विकसित कॉलोनी में 1409 वर्गफुट आवासीय प्लॉट बेचना है मात्र 26 लाख में कैश में लेने वाले को प्राथमिकता **सम्पर्क करें- 7898855268.** (आरे-42041)

प्लॉट बेचना है - पायोनियर स्कूल के पास VIP नगर पाटन रोड उतई से 50 मीटर अंदर 2600 स्क्वायर फीट प्लाट बेचना है **संपर्क करें 94241-21824, 99079-15088.** (आरे - 1385)

बेचना है - रिसाली धनोरा मात्र छाया फेश-2 में 30 x 50= 1500 फिट आवासिय प्लॉट एवंम मैत्री कुंज पानी टंकी वाले मार्केट में कमर्शियल प्लॉट 25 x60=1500 फिट उपलब्ध है। **बेचना है मो.- 91319-80919.** (आरे-343)

भूमि/फ्लैट/प्लाट

खाटूश्याम प्रॉपर्टीज- इस त्यौहार करे आपके सपने साकार कृषि भूमि, फ्लैट, घर, प्लॉट सबसे बढ़िया दाम के उपलब्धदुर्ग भिलाई का **सबसे भरोसेमंद प्रॉपर्टी डीलर- 73899-02902.** (आरे - SPD/0091)

For Rent किराया

किराये से देना है - आवास, गेस्ट हाउस हेतु किराये पर उपलब्ध है अविनाश वुड्स अभनपुर जगदलपुर (छत्तीसगढ़) में सर्वसुविधायुक्त फ्लैट- 3BHK, 3 Toilet, Fully Furnished उपयोग- गेस्ट हाउस/ PG हेतु उपयुक्त **सम्पर्क करें- 9981669720.** (आरे-42074)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक



आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वाद-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या संगठनों के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने खर्चों का खुश व उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Finance फायनेंस

फाइनेंस - वसुधा फाइनेंस कंपनी समस्त प्रकार के लोन कृषि, बिजनेस, समूह लोन पर्सनल, लेबरकार्ड , डेरीफार्म, होम लोन , आधारकार्ड पर 40 हजार से 50 लाख तक (2 %ब्याज), (30%छूट) समस्त लोन कराये - 9770833099. (आरे-4346)

हरिभूमि

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

जैकेट के शेष

'वोट चोरी' पर सड़क से सुप्रीम ...

मंगलवार से राष्ट्रीय राजधानी में निर्वाचन आयोग के मामले पर विरोध कर रहे 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के प्रमुख नेताओं ने उच्चतम न्यायालय की तरफ मार्च किया, हालांकि पुलिस ने शीर्ष अदालत से कुछ दूर पहले भगवान दास रोड पर अवरोध लगाकर उन्हें रोक दिया। विपक्ष ने इस मार्च को 'चलो दिल्ली-लोकतंत्र के लिए मार्च' नाम दिया था।

अग्निवीरों के लिए आरपीएफ में ...

मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, मंडल रेल प्रबंधक दयानंद, छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महानिरीक्षक मुनव्वर खुर्शीद ने भाग लिया। कार्यक्रम में रेलवे सुरक्षा बल की महानिदेशक सोनाली मिश्रा ने कहा कि रेल मंत्री द्वारा आरपीएफ में सब-इंस्पेक्टरों एवं कांस्टेबलों की भर्ती कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से करने के लिए सहमति प्रदान की गई थी। आगामी वर्ष से एसएससी के माध्यम से कांस्टेबलों की भर्ती सुनिश्चित की जाएगी, जिससे प्रत्येक वर्ष भर्ती हो सकेगी और कैडर प्रबंधन सुचारु रूप से किया जा सकेगा।

9 माह में 223 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त : महानिदेशक ने बताया कि वर्ष 2026 के पहले नौ महीनों में आरपीएफ ने लगभग 223 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए। वहीं, जन विश्वास अधिनियम, 2026 के तहत रेलवे अधिनियम की आठ धाराओं में जुर्माने के प्रावधान लागू किए जाने और संबंधित सात महीने की अवधि में लगभग 28.8 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूलने की जानकारी दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बीट प्रणाली के तहत रेलवे क्षेत्रों को अलग-अलग हिस्सों में बांटकर नियमित गश्त, सूचनाओं के संकलन और रिकॉर्ड संधारण पर भी जोर दिया जा रहा है।

22,000 बॉडी-वॉर्न कैमरे खरीदे ...

और ड्रोन प्रशिक्षण लैब स्थापित की जा रही हैं। इसके अलावा, 33 करोड़ रुपये की लागत से 22,000 बॉडी-वॉर्न कैमरे खरीदे जा रहे हैं। इन उपकरणों से रेलवे में अपराधों की रोकथाम, पहचान और निगरानी व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उपकरणों के प्रभावी उपयोग के लिए आरपीएफ कर्मियों का प्रशिक्षण भी जारी है।

हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के ...

को भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(4) के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत विश्वविद्यालय की अर्द्धकुशल दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी शुभांगी मराठे ने की थी। एफआईआर में आरोप है कि वेतन मिलने के बाद उसमें से कुल 1,49,384 दूसरे खाते में ट्रांसफर कराए गए। विश्वविद्यालय की ओर से गठित समिति की जांच के दस्तावेजों के अवलोकन के बाद मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आदेश में उल्लेख है कि कुलदीप वर्तमान में जमानत पर हैं।

विभागीय जांच और आरोपपत्र अलग से : शासन ने आदेश में बताया है कि आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय की ओर से 24 जुलाई 2026 को जारी कारण बताओ नोटिस और 1 अक्टूबर 2026 के पत्र पर विचार करने के बाद कुलदीप को निलंबित करने का निर्णय लिया गया। उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, 51 इंद्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। शासन ने स्पष्ट किया है कि विभागीय जांच की प्रक्रिया अलग से शुरू की जाएगी और आरोप पत्र भी अलग से जारी होगा।

कुलपति के अधिकारों के इस्तेमाल ..

मौखिक रूप से नहीं किया गया था। यदि कुलसचिव ने कुलपति की मंजूरी के बिना अपने स्तर पर इन अधिकारों का इस्तेमाल किया, तो यह गंभीर अनियमितता और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 के प्रतिकूल है।

सरकार ने सुन ली मासूम की पुकार...

वाले इंजेक्शन की उपलब्धता के आधार पर रिमोन टंडन का उपचार शुरु हो सकेगा। बता दें, रिमोन टंडन के उपचार के लिए हरिभूमि और आईएनएच न्यूज ने लगातार पहल की। रिमोन अपने माता पिता के साथ आईएनएच न्यूज के स्टूडियो पहुंचा था, जहां लाइव परिचर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने उसके लिए राशि स्वीकृत करने की घोषणा की थी। रिमोन दुनिया के दुर्लभ बीमारी आइसोलेटेड ग्रोथ हार्मोन डिफिशिएंसी टाइप 1ए से पीड़ित है।

जसगीत ने बनाया सोशल मीडिया में हिट : रिमोन टंडन यूं तो 10 वर्ष का है, लेकिन उसका शारीरिक विकास 2-3 वर्ष के बच्चे जितना ही हुआ है, लेकिन प्रतिभा रिमोन में कूट कूटकर भरी हुई है। रिमोन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी गीत गाकर सुनाया था। अब उसके इंस्टाग्राम फॉलोवर्स बढ़े हैं। उसके जसगीत के वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। रिमोन ने हरिभूमि की कटिंग और आईएनएच का वीडियो भी पोस्ट किया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

आर्थिक झटकों से निपटने का बनाया ...

उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए नीतियां बनाने में मदद की है। हॉल कैलिफोर्निया स्थित स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से जुड़े हैं।



कटा सिर लौटाने के लिए नागा संगठन ने दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम



एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर में एक बार फिर हिंसा से तनाव बढ़ गया है। कांगपोकपी जिले में कथित उग्रवादी हमले में मारे गए 52 वर्षीय अजिनबोउ आर का सिर अब तक नहीं मिला है। इससे नाराज नागा नागरिक संगठन जॉइंट ट्राइब्स काउंसिल मणिपुर ने सिर को 48 घंटे के भीतर परिवार को सौंपने का अल्टीमेटम दिया है। संगठन ने साफ कहा है कि सिर मिलने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही, राज्य और केंद्र सरकार को ताजा हिंसा के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए मांग पूरी नहीं होने पर कड़े कदम उठाने की चेतावनी दी है।

सिर के बिना अस्पताल पहुंचा शव : अजिनबोउ आर की शनिवार को कांगपोकपी जिले के मकुई अशांग गांव पर हुए कथित हमले में हत्या कर दी गई थी। रविवार रात उनका बिना सिर वाला शव पोस्टमार्टम के लिए इम्फाल स्थित जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज लाया गया। शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें कथित तौर पर भारी हथियारों से लैस और सैन्य वर्दी जैसी पोशाक पहने लोगों के बीच अजिनबोउ का कटा हुआ सिर दिखाई देने का दावा किया गया।

मणिपुर में फिर भड़की है हिंसा, 2 दिन में 10 हत्याएं; दो जिलों में कर्फ्यू

आज से भारत की यात्रा पर रहेंगी कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुनिया के कई भागों में चल रहे सैन्य संघर्षों के बीच मंगलवार से कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगी। जिसमें नई दिल्ली में उनकी अपने समकक्ष और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ एक महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय बैठक होगी। इस दौरान होने वाली वार्ता में भारत और कनाडा के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े सभी जरूरी विषयों पर व्यापक रूप से चर्चा की जाएगी। यह जानकारी सोमवार को भारत में कनाडा के दूतावास ने एक बयान जारी कर दी है। जिसमें बताया कि विदेश मंत्री आनंद की यह यात्रा 13 से 16 अक्टूबर तक चलेगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई–निविदा सूचना

क्र.सं. (1) ई-निविदा सं.: आरएसओ-आर-आरएस-वाल्व-ओटी-2025-03, दिनांक 08.10.2025

कार्य:- रायपुर मंडल के संयुक्त क्रू लॉबीयों में एएलपी के प्रशिक्षण हेतु 05 नग सिम्युलेटर-आधारित आरएस वाल्व मॉडल की आपूर्ति, स्थापना और चालू करना।
निविदा मूल्य- रू. 24,82,720.00, बयाना राशि- रू. 49,700.00, निविदा प्रस्तुत करना- दिनांक 09.11.2026, 15:00 बजे। **निविदा खोलना-** दिनांक 09.11.2026, 15:30 बजे।

विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता का मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया सीनि.डीईई/ओपी/रायपुर कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें। मैनुअल ऑफर्स इस निविदा के विरुद्ध स्वीकार नहीं होंगे और यदि मैनुअल ऑफर्स प्राप्त होता है तो वह निरस्त कर दिया जाएगा।

वरि.मं.वि.अभि./ओपी
पीआर/आर/सी.डीईई(ओपी)/एएन/231 द.पू.म.रे., रायपुर
South East Central Railway @secrail

कार्यालय नगर पंचायत पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)
Email Id-cmonppalari@rediffmail.com

File No.: GENS-11/38873/2026-O/O CMO NPP PALARI पलारी, दिनांक 12/10/2026

मैन्युवल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. रजिस्टर्ड / पंजीकृत डाक से निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि : 03 /11 / 2026 सायं 3:00 बजे तक
2. प्राप्त निविदाएं खोलने की अंतिम तिथि : 03 /11 / 2026 सायं 4:00 बजे तक

क्र.	कार्य का नाम	एस.ओ.आर	निविदा राशि (लाख में)
1	वार्ड क्र. 01 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य (तुंगन वर्मा घर से तालाब तक)	PWD Road SOR 15.06.2026	2.60
2	वार्ड क्र. 06 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य (अमित टंडन घर से फत्ते साहू घर तक)	PWD Road SOR 15.06.2026	8.08
3	वार्ड क्र. 01 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य (खैया तालाब से भोजराम सेन घर तक)	PWD Road SOR 15.06.2026	2.20
4	वार्ड क्र. 12 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य (बड़ीं नहर से मनोज जायसवाल घर तक)	PWD Road SOR 15.06.2026	6.09
5	वार्ड क्र. 08 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य (ललित घृतलहरे घर से खेदिया बाई धिरहे घर तक)	PWD Road SOR 15.06.2026	2.10
6	वार्ड क्र. 15 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य (नहर से नायक सर घर तक)	PWD Road SOR 15.06.2026	3.25
7	वार्ड क्र. 15 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य (मेन रोड से छात्रावास तक)	PWD Road SOR 15.06.2026	8.42
8	वार्ड क्र. 12 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य (हेमंत यादव घर से नहर रोड)	PWD Road SOR 15.06.2026	8.34
9	वार्ड क्र. 12 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य (आर्शीवाद भवन से बल्ला बाड़ी तक)	PWD Road SOR 15.06.2026	4.96
10	वार्ड क्र. 12 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य (संतोष यादव घर से संजयपुरी गोस्वामी घर तक एवं वार्ड क. 11 के विभिन्न स्थानों में सी.सी. रोड निर्माण कार्य)	PWD Road SOR 15.06.2026	7.34
11	वार्ड क्र. 06 में जी.वी.पी. ट्रांसफार्मेशन कार्य (जोरवा तालाब के पास)	PWD Road SOR 15.06.2026 & Building SOR 10.06.2026	7.64

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से एवं कार्यालय के सूचना पटल में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पलारी

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)
क्रमांक / लो.क.वि./जोन-5/2026/1654/254 //निविदा सूचना// भिलाई, दिनांक 06/10/26

नगर पालिक निगम जोन 05 सेक्टर 06 क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु प्रस्ताव का अनुरोध (RFP Request for proposal) आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम	RFP विभाग में प्राप्त होने की अंतिम तिथी
1.	जोन क्र. 05 वार्ड 60 स्थित नवनिर्मित लाइब्रेरी ऑक्सी रीडिंग जोन का संचालन एवं संधारण (O&M) कार्य हेतु RFP आमंत्रण। (द्वितिय निविदा)	22.10.2026

प्रस्ताव का अनुरोध (RFP Request for proposal) स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जायेंगे। उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है। जोन आयुक्त

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक / लो.क.वि./ जोन-1/2026/1613/258 भिलाई दिनांक 8/10/26

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	सिस्टम टेंडर क्रं.	अनुमानित लागत लाख में	निविदा डाउनलोड की अंतिम तिथि	निविदा पहुंचने की तिथि
01	वार्ड-01 खम्हरिया मुक्तिधाम मार्ग तथा आंतरिक गलियों में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य।	201215	1694427.00	28.10.2026	30.10.2026
02	वार्ड-01 जुनवानी एसबीआई कॉलोनी में प्लाट नंबर 20 से आना बाड़ी तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य।	201216	1694595.00	28.10.2026	30.10.2026
03	वार्ड-02 आनंद नगर गेट से आनंद नगर आश्रम तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	201217	1270926.00	28.10.2026	30.10.2026
04	वार्ड-03 मॉडल टाउन विनोबा नगर नाला के पास सेन रोड से पीपलेश्वर महादेव शिव मंदिर तक एवं राजाराम वर्मा घर से योगेश साहू घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	201219	1271304.00	28.10.2026	30.10.2026
05	वार्ड-03 ग्लोबल सॉफ्टवेयर के पास सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	201220	1694645.00	28.10.2026	30.10.2026
06	वार्ड-05 कोसानगर गांधी कॉलोनी क्षेत्र में सीमेंटीकरण कार्य।	201222	1270890.00	28.10.2026	30.10.2026
07	वार्ड-06 संजय नगर दक्षिण गंगोत्री सैगसंग गोबाईल सर्विस सेंटर के चारों तरफ रोड में डामरीकरण कार्य।	201223	1691323.00	28.10.2026	30.10.2026
08	वार्ड-09 न्यू कृष्णा नगर हड्डी गोदाम, निजागी चौक के पास नाली, पुलिया एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	201228	1271106.00	28.10.2026	30.10.2026
09	वार्ड-10 लक्ष्मी नगर सांई मंदिर से ताज बिरयानी तक, नन्हे गुप्ता के घर से धनमत अग्रवाल के घर तक, महेन्द्र वर्मा के घर तक, विष्णु पटेल के घर से मुन्ना तिवारी के घर तक, भीम नगर दुर्गा मंच से झाड़ू राम हठिले के घर तक आर.सी.सी. नाली एवं रोड निर्माण कार्य।	201277	1271483.00	29.10.2026	02.11.2026
10	वार्ड-11 फरीद नगर नेशनल पब्लिक स्कूल के आसपास गलियों में सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण कार्य।	201278	1271099.00	29.10.2026	02.11.2026
11	वार्ड-11 सुंदर नगर, टाटा लाईन, बजरंग पारा में सीमेंटीकरण कार्य।	201225	1271152.00	29.10.2026	02.11.2026
12	वार्ड-'3 सड़क 04 साकेत नगर कोहका राइजिंग स्टार होटल से सुनील मौर्या के घर तक नाली निर्माण कार्य।	201283	1695171.00	29.10.2026	02.11.2026
13	वार्ड-'3 साकेत नगर मिनिमाता चौक से भेलवा तालाब तथा मिनीमाता चौक से शीतला तालाब तक नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य ।	201284	1271176.00	29.10.2026	02.11.2026

उपरोक्त निविदा निर्माण कार्यो सामान्य शर्तें, एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन जमा करें साथ ही धरोहर राशि स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगें। साथ ही यह जानकारी संचालनालय की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है। जोन आयुक्त

कार्यालय नगर पालिका परिषद बड़े बचेली
जिला दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा (छ.ग.)
कार्यालय फोन / फैक्स नं.-07857-231762, 230261 इमेल id :-cmobch@rediffmail.com

क्रमांक/1448/तक. शा./न.पा.प./2026-27 बड़ेबचेली, दिनाँक :- 09/10/2026

ई - प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत डी श्रेणी अथवा प्रवर श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है।

क्र.	ई-टेण्डर सिस्टम नम्बर	कुल अनुमानित लागत (लाख में)	टेण्डर डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि
1	नगरपालिका सीमा क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में 15वें वित्त, अधोसंरचना एवं पार्षद निधि से कुल 17 विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों हेतु ई-टेण्डर सिस्टम नम्बर 201303, 201322, 201309, 201304, 201318, 201320, 201315, 201307, 201319, 201306, 201314, 201302, 201324, 201328, 201326, 201327 एवं 201325 आमंत्रित की गई है।	422.74	30.10.2026
	कुल योग :-	422.74	

टीप :- निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। अथवा ई-प्राक्यूरमेंट के मेन पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से एवं जिला एनआईसी पोर्टल http://Dantewada.nic.gov.in से डाउन लोड किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बड़े बचेली
जिला- दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा (छ.ग.)

पेज एक के शेष

शिकायत नहीं, संकल्प चाहिए...

का लड़का, नौकरी पा गया, कैसे?

: अभी पढ़ाई नहीं, कोई स्किल नहीं, कोई इंटरेस्ट नहीं, अभी जॉब भी नहीं रहेगी तो हम करेंगे क्या जिंदगी में? 18 साल में मैंने ज्वाइन कर लिया। सो, माय मदर एप्लाइड टू एवरी कॉर्पोरेट, कि ये खेलते रह जाएगा या पढ़ाई ठीक से नहीं करेगा तो ये करेगा क्या? सो, आई थिंक क्रेडिट टू माय मदर, उन्होंने ऐसा सोचा कि इसको जॉब करनी है।

0 उस समय कोई खिलाड़ी आपके जेहन में रहता था कि मैं ऐसा बनना चाहता हूं या कोई रोल मॉडल था आपका?

00 मुझे ज्यादा दूर देखने की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि हमारे स्टेट में मनोज और प्रवीण दो प्लेयर थे, काफी अच्छे थे। अनिरुद्ध और सुनील ज्योति थे, वे भी अच्छे थे। तो मुझे न, दूर कहीं जाने की जरूरत नहीं पड़ी। वी हैड पीपल लाइक, दीपांकर भट्टाचार्य करके एक थे, जॉर्ज थॉमस करके एक केरला के थे, राजीव बग्गा बॉम्बे के थे। ये जो सारे लोग, मेरे जो कंटेंपररीज हैं, उनसे मैंने बहुत सीखा है।

0 प्रकाश पादुकोण की आपके जीवन में क्या भूमिका रही है?

00 अगर प्रकाश सर 1980 में ऑल इंग्लैंड नहीं जीतते ना, तो हमारे माइंड में ऐसा कभी आता भी नहीं था कि हम भी जीत सकते हैं। तो हमें ये है कि एक इंडियन जीता है तो हमारा जो स्किन वाला है, हमारे जैसे ही जो पला-बढ़ा है, खिला है, वो जीत सकता है, हम भी जीत सकते हैं। सो, आई थिंक जस्ट दैट वन पॉइंट ऑफ बिलीव इज समथिंग व्हिच इज ह्यूज। बट ऑल्सो प्रकाश सर, द वे ही हैज कंडक्टेड हिमसेल्फ, द वे ही हैज प्लेड, आई थिंक एंड द स्ट्रेंथ इन हिज गेम, एक्चुअली हेल्प अस, हेल्प मी टू थिंक दैट बॉस सर कर लिया, प्रकाश सर ने किया तो मैं भी कर सकता हूं।

0 आपने यह सोच रखा था कि आगे चलकर मुझे कोचिंग करनी है?

00 ऐसा था कि जब मैं हैदराबाद में था तो हर सुबह स्टेडियम जाता हूं, वो अभी 5.30 बजे चले गए, वो वॉचमैन आएगा 6 बजे, यार महबूब साहब उनका नाम था, महबूब साहब आएंगे, आएंगे, आएंगे, मतलब देखते रहते, फिर वो जब आएंगे, अंदर जाएंगे तो एक दिन करंट है, एक दिन करंट नहीं है तो वो एक चैलेंज था, अब शटल है, नहीं है, कोच है, नहीं है, प्लेयर है, नहीं है, वो ग्राउंड में चले जाते हैं तो शादी हुई है, ग्राउंड बंद है, वो स्वीमिंग पूल करने जाना है, स्वीमिंग करनी है तो स्वीमिंग पूल में पानी नहीं है तो और दिवाली, रमजान, क्रिसमस, स्टेडियम बंद है, सैटरडे, संडे बंद है, सो ऐसे है ना, और मैं यूरोप गया खेलने के लिए, मतलब जर्मनी में 3 साल था तो सारी चीजें एक जगह पे हैं, हमको बेसिक स्ट्रक्चर पे काम करने की जरूरत है, हमको सब चीज चाहिए, मतलब प्लेयर बनने के लिए ना, हम एक-एक घंटे ट्रैवल करके जिम के लिए जाएंगे, एक घंटा रनिंग के लिए जाएंगे, एक घंटे खाने-सोचने के लिए तो ऐसा बात नहीं चलेगा, मतलब एक जगह, तो मेरा ऐसा माइंडसेट था कि भाई ऐसा रहने से अच्छा रहता है, ऐसा करके मैं सोचता था। और मुझे यह सब करने के चक्कर में ना, मैं ऑल इंग्लैंड जीता 27 की एज पे, तो मेरा माइंड में ये था कि अगर ये सारी हम फैसिलिटीज बच्चों को दें तो मेरे जैसा बंदा कोई होगा, जिसके पास पोटेंशियल होगा तो वो 27 पे नहीं जीतेगा, ऑल इंग्लैंड में भी 20 साल पे जीतेगा। तो उसको सात-आठ साल और मिलेंगे, ताकि और बहुत बढ़िया खेल सके।

0 खिलाड़ी के रूप में खुद से कितने संतुष्ट हैं?

00 जितना मेहनत मैंने किया, उससे ज्यादा मेरे से होता नहीं है। तो मैं बहुत खुश हूं। मैं ऐसा हूं कि एक बार हो गया, हो गया। अभी उसको पीछे पलट के देखने वाला मैं नहीं हूं। बट हां, आपने जो बोला, बात सही है, बट मेरा एक बेसिक अंडरस्टैंडिंग है कि आप दिल से चाहो, आप रास्ता ढूंढोगे। आप कंप्लेंट करोगे तो रुक जाओगे। उस जमाने में जो मिला, वही बहुत था। मतलब, एंड आई एम वेरी हैप्पी विथ दैट। एंड, अगर सब कुछ मुझे मिलता तो शायद उतनी हंगर मेरे में रहती नहीं।

0 ऐसा कोई निराशा का क्षण, जो आपके जेहन में, अभी भी कचोटता हो। ये एक मौका था, जो गोपीचंद को अखरता हो। उस समय में मैं चूक गया, ऐसा है कोई?

00 ऐसा तो नहीं है, बट ओलंपिक्स इज समथिंग, 2000 सिडनी ओलंपिक्स, आई विश आई कुड हैव वन दैट, क्योंकि गेम तो था, बट आई कुडन्ट विन, दैट्स वन। मैं ज्यादा उसके बारे में सोचता नहीं हूं, बट ठीक है, उसके बदले में मुझे ऑल इंग्लैंड मिला, ठीक है, इट्स नॉट ए बिग प्रॉब्लम। सो, आई एम हैप्पी विथ दैट।

0 आपके नेतृत्व में बैडमिंटन में भारत की उपलब्धियां पिछले डेढ़ दशक, दो दशक में जबरदस्त रहीं, पर अभी एशियन गेम्स हुआ तो अतीत में जैसी उपलब्धियां थीं, उसके मुकाबले में इस बार का प्रदर्शन थोड़ा निराश करता है?

00 मैं अपने दूसरे नजरिए से देखूं तो सात्विक और चिराग ने जो वर्ल्ड चैंपियंस हैं, उनको हराया एशियन गेम्स में, टीम चैंपियनशिप में। जापान का जो टॉप पेयर है, जो टॉप फाइव पेयर है, उनको हराया इन द टीम चैंपियनशिप। हमारे खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

0 भारत सरकार ने बड़ी उम्मीदों के साथ प्रशिक्षण के संदर्भ में एक टास्क फोर्स बनाई, जिसका प्रमुख आपको बनाया था, आपने अपनी रिपोर्ट वगैरह भी दी हुई है।

00 अभी सिंपल है कि अगर आपके देश में टैलेंट है, आपका बच्चा टैलेंटेड है तो भाई, कोई कुछ नहीं बोलेगा, ये देश के लिए खेलना है और इसको स्पोर्ट्स स्कूल में डाल दो, और आपको साल में एक हफ्ता आपके साथ रहेगा, बाकी हर दिन वो मेरे साथ ही रहेगा, और आपको सैटरडे इवनिंग एक बार आपको देखने को मिलेगा। ऐसा सिस्टम लगाता है चीन। एंड दैट इज वैरी सक्सेसफुल। नाउ, इज इट पॉसिबल इन अवर कंट्री, इज ए क्वेश्चन मार्क। अगर हमको ऐसा एक्सीलेंस चाहिए तो हमको उतना सैक्रिफाइसेस करने की भी ताकत रहनी चाहिए, एज ए सिस्टम। सो, दैट्स ऑल आई एम सेइंग।

0 हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी चाहते हैं, ओलंपिक करें, दूसरे देश आएं और जीत के चले जाएं या अपने यहां ओलंपिक है तो भाई ठीक-ठाक पदक हम भी जीत पाएं। इस दृष्टि से गोपीचंद क्या सोचते हैं?

00 अभी तो हमने डिसाइड किया है कि ओलंपिक्स हम कर रहे हैं। अब बिड तो कर रहे हैं, मतलब अपने देश, अपनी तरफ से तो मेहनत यही है कि हम करें, बिड भी करें। सो, इसका पोस्ट ओलंपिक्स और प्री-ओलंपिक प्रिपरेशन के ऊपर हमें और ज्यादा ध्यान देना चाहिए। एक खिलाड़ी को आप बनाने के लिए, छह-आठ साल की उम्र में आप स्टार्ट करते हैं तो वो 20 साल का बनता है। 10-12-15 साल लगते हैं।

0 रायपुर में गोपीचंद के नाम पर एकेडमी स्थापित हो रही है तो गोपीचंद का नाम ही रहेगा या गोपीचंद भी कभी-कभी दिखा करेंगे?

00 नहीं, ऐसा नहीं है, मैं भी आऊंगा यहां। यहां की प्रतिभाओं को निखारने का काम होगा।

500 सालों से आस्था का केंद्र...

था। मंदिर परिसर के पास बनाया गया प्राचीन तालाब आज भी इसके इतिहास की याद दिलाता है। माता शीतला को स्वच्छता और रोगों से रक्षा करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि नए गांव बसाने के दौरान ग्रामवासियों के स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना से माता शीतला का मंदिर स्थापित किया जाता था। इससे धमतरी नगर और मंदिर की स्थापना के एक ही कालखंड से जुड़े होने की मान्यता को बल मिलता है। **नवरात्रि में जलती है मनोकामना ज्योति** : मंदिर के 95 वर्षीय पुजारी जनक महाराज के अनुसार, श्रद्धालु माता शीतला के प्रति गहरी आस्था रखते हैं। क्वांर और चैत्र नवरात्र में यहां बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं और मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करते हैं। मंदिर के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर और कोषाध्यक्ष सोनू नाग सहित पदाधिकारी मंदिर के विकास एवं विस्तार में जुटे हैं। पूर्व सेवादारों और समाजसेवियों का योगदान भी मंदिर की परंपरा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहा है।

शिलालेख में दर्ज है...

द्वारा निर्मित बावड़ी के जीर्णोद्धार के दौरान लगभग 25 फीट की गहराई में शिलालेख मिला था। इसमें श्रावण सुदी पूर्णिमा, संवत 1992 में बावड़ी निर्माण का उल्लेख है। यह विवरण राजस्व रिकॉर्ड में भी दर्ज बताया गया है। बावड़ी का निर्माण माता को नियमित जल अर्पित करने के उद्देश्य से कराया गया था।

महंगाई का 'आतंक'...

प्रतिशत थी। सितंबर में जिन वस्तुओं की कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई, उनमें प्याज (108.09 प्रतिशत), चांदी के आभूषण (87.8 प्रतिशत), अदरक (62.85 प्रतिशत), लहसुन (54.62 प्रतिशत) और नींबू (36.41 प्रतिशत) शामिल हैं। इसके उलट आलू, टमाटर, मोटर कार एवं जीप, भिंडी और नारियल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

वृष आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

मिथुन मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि क

दिल्ली में कांग्रेस का मार्च, छग के सभी विधायक शामिल

11 बजे से शुरू हुआ मार्च, शाम 6 बजे तक चला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस तथा इंडिया गठबंधन ने सोमवार को दिल्ली में मार्च निकाला। सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक राहुल गांधी के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ के सभी 35 कांग्रेस विधायकों सहित प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ 15 जिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रदर्शन में शामिल हुए।



सीईसी ज्ञानेश को पद से हटाने की मांग

कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने तथा एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की। विपक्ष का आरोप है कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, जिससे पात्र मतदाताओं के अधिकार प्रभावित होने की आशंका है। राहुल गांधी सहित विपक्षी नेताओं ने संविधान क्लब से सुप्रीम कोर्ट की ओर मार्च किया।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सक्रिय भागीदारी

मार्च में छत्तीसगढ़ के सभी 35 कांग्रेस विधायकों की भागीदारी को प्रदेश कांग्रेस के राष्ट्रीय अभियान में शामिल होने के रूप में देखा जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदर्शन के दौरान आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विपक्ष अपनी लड़ाई जारी रखेगा। वहीं प्रदेश कांग्रेस ने एसआईआर की प्रक्रिया में पारदर्शिता और पात्र मतदाताओं के नाम सुरक्षित रखने की मांग उठाई। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची की शुद्धता के साथ किसी पात्र नागरिक का मतदान का अधिकार प्रभावित नहीं होना चाहिए। अब इस मुद्दे पर न्यायिक प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग की प्रतिक्रिया पर नजर रहेगी।

भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस भवन में घुसकर की नारेबाजी, घेराव

बेरिकेड हटाकर भीतर पहुंच गई प्रदर्शनकारी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला बिलासपुर शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कांग्रेस सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम पर छात्राओं के साथ यौन दुर्व्यवहार के गंभीर आरोपों के विरोध में कांग्रेस भवन का घेराव व विरोध प्रदर्शन किया गया। मोर्चा की महिलाएं कांग्रेस भवन के पास के बेरिकेड हटाकर भीतर घुस गई और कांग्रेस भवन भीतर जमकर नारेबाजी की।

जिस समय कांग्रेस भवन का घेराव करने पहुंची, उस समय कांग्रेस भवन का चौकीदार मौजूद था जो कार्यालय खोलकर बैठा हुआ था।



हम भाजपा कार्यालय का घेराव करेंगे

अध्यक्ष, शहर कांग्रेस कमेटी सिद्धांशु मिश्रा भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आज कांग्रेस भवन का घेराव प्रदर्शन रखा गया था जिसकी कोई सूचना नहीं दी गई थी और हम लोग दिल्ली में हैं। हमें पता चला कि महिलाएं कांग्रेस भवन भीतर अध्यक्षों के आफिस में घुस आई थी और वहां पर नारेबाजी विरोध प्रदर्शन की है। बिना सूचना इस तरह भवन भीतर घुसकर प्रदर्शन करना गलत है और महिला मोर्चा के खिलाफ एफआईआर की मांग करते हैं नहीं तो कांग्रेस भी भाजपा कार्यालय और भाजपा नेताओं के घर का घेराव करेगी।

मोर्चा पदाधिकारियों का यह कहना

प्रदर्शन में शामिल बिलासपुर महापौर पूजा विधानी ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान एवं गरिमा से जुड़े किसी भी मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इस तरह के गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है, ताकि सच्चाई सामने आ सकें और कानून के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित हो। भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और छात्राओं की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर समाज को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। बिलासपुर शहर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्नेहलता शर्मा ने कहा कि छात्राओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना समाज और व्यवस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

हरिभूमि-आईएनएच की जांच में चौंकाने वाला खुलासा, दर्जनों किसानों के साथ हेरफेर

जमीन कारोबारियों ने की कार्रवाई से बचने के लिए राजस्व मंडल में अपील

महासमुंद में जमीन हड़पने का बड़ा खेल जिंदा किसान को मृत बताकर रजिस्ट्री

संदीप शुक्ला ⏭ महासमुंद

राजधानी रायपुर से लगे महासमुंद जिले में किसानों और शासन की जमीन हड़पने के कथित बड़े खेल का भंडाफोड़ हुआ है। हरिभूमि और आईएनएच की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि पिथौरा और बसना तहसीलों में दलाल और भू-माफिया राजस्व विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर किसानों की पट्टे वाली जमीनों और सरकारी जमीनों को कारोबारियों के नाम पर दर्ज करा रहे हैं। कहीं शासन से मिली विक्रय-अयोग्य जमीन की रजिस्ट्री कराई गई, तो कहीं जिंदा किसान को मृत बताकर उसकी जमीन दूसरे के नाम कर दी गई। यहां तक कि सरकारी तालाब की जमीन की रजिस्ट्री भी कारोबारी के नाम किए जाने का मामला सामने आया है।

खुलासा होने के बाद राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा है कि शासन से प्राप्त जमीन को निजी नाम से चढ़ाने की पुष्टि हो गई है। कलेक्टर को इस पर सख्त कार्रवाई के लिए कहा गया है। पट्टा किसानों के नाम वापस किया जाए। फर्जी रजिस्ट्री रद्द होगी। जो भी अधिकारी या कारोबारी शामिल हैं, सभी पर कार्रवाई की जाएगी।





दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

"मामला संज्ञान में आया है। शासन से प्राप्त जमीन को निजी नाम से चढ़ाने की पुष्टि हो गई है। कलेक्टर को इस पर सख्त कार्रवाई के लिए कहा गया है। पट्टा किसानों के नाम वापस किया जाए। फर्जी रजिस्ट्री रद्द होगी। जो भी अधिकारी या कारोबारी शामिल हैं, सभी पर कार्रवाई की जाएगी।"

टंकराम वर्मा, राजस्व मंत्री

खास खबर

केस 1 — जमीन पट्टा को दूसरे के नाम कर दिया

66 वर्षीय धनसाय ने बताया कि वर्ष 1978 में शासन की ओर से उन्हें सरीफाबाद में तीन एकड़ जमीन मिली थी। जमीन का पट्टा भी जारी किया गया था। लगभग 48 साल से धनसाय और अन्य किसान इस जमीन पर खेती कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। जमीन के दस्तावेजों के कैफियत कॉलम में स्पष्ट रूप से लिखा है कि जमीन विक्रय-अयोग्य है। धनसाय के मुताबिक, इस साल जनवरी में उन्हें पता चला कि पटवारी राजेंद्र डोंगरे ने जमीन नित्यानंद यादव के नाम पर दर्ज कर दी। इसके बाद उसी सप्ताह जमीन की रजिस्ट्री निखिल के नाम पर कर दी गई। पिथौरा और बसना के दर्जनों किसानों की जमीनों के साथ भी इसी तरह की गड़बड़ी किए जाने के आरोप हैं।

केस 2 — बेचने से इनकार दूसरे के नाम दर्ज करने की धमकी

66 वर्षीय किसान श्रीराम और बलराम साव ने बताया कि वर्ष 1978 में शासन की ओर से सरीफाबाद में तीन एकड़ जमीन मिली थी। जमीन का पट्टा भी जारी किया गया था। लगभग 48 साल से साव परिवार इस जमीन पर खेती कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। इस साल जनवरी में पटवारी और जनपद सदस्य उनके पास आए। दोनों ने जमीन निखिल को बेचने के लिए कहा। साव परिवार ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि शासन से मिली विक्रय-अयोग्य जमीन बेचना कानूनी रूप से संभव नहीं है। आरोप है कि इस पर उन्हें धमकी दी गई कि वे जमीन नहीं बेचेंगे, तो भी उनकी जमीन किसी दूसरे के नाम पर कर दी जाएगी।

केस 3 — जिंदा किसान को मृत बताकर हड़पी जमीन

पड़ताल में पता चला कि जमीनों से जुड़े कथित फर्जीवाड़े के मामले सरीफाबाद तक सीमित नहीं हैं। सांकरा, मैंसानाला, सोनपुर और बसना तहसील के अरेकेल गांव के किसानों की जमीनों से जुड़े मामले भी सामने आए हैं। बुजुर्ग किसान टीकम साहू और उसके भाई-बहन के पिता रामलाल को लगभग ढाई एकड़ जमीन का पट्टा मिला था। टीकम के एक भाई की मौत हो चुकी है, जबकि उनकी दो बहनें जीवित हैं। पिता की मौत के बाद जमीन सभी चार बेटे-बेटियों के कानूनी वारिसों के नाम पर दर्ज होनी थी। आरोप है कि टीकम के बेटे और भतीजों, रायपुर के कारोबारियों तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों ने कथित तौर पर मिलीभगत कर जमीन के रिकॉर्ड में हेरफेर किया।

केस 4 — सरकारी तालाब भी कारोबारी के नाम

हरिभूमि-आईएनएच की टीम जब पड़ताल के लिए मौके पर पहुंची, तो बुजुर्ग किसान तालाब के पास जुट गए। उन्होंने बताया कि पिछले 50 साल से तालाब में मनरेगा, नरेगा और अन्य योजनाओं के तहत पचरी निर्माण सहित दूसरे कार्य होते आए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, तालाब की जमीन का पट्टा योगेश साहू के नाम पर था, लेकिन इसकी रजिस्ट्री भी रायपुर के निखिल के नाम पर कर दी गई। 15 जनवरी को हुई इस रजिस्ट्री में जमीन की कीमत 20 लाख रुपये दर्ज होने की बात सामने आई है। रजिस्ट्री के गलत होने की पुष्टि तहसीलदार के प्रतिवेदन में हो चुकी है। अपर कलेक्टर की जांच रिपोर्ट में बिक्री और रजिस्ट्री को गलत बताया गया।

ओडिशा में सक्रिय चार माओवादी समेत छह ने किया समर्पण

चार पीपीसीएम व दो पार्टी मेंबर पर था 35 लाख का इनाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ओडिशा व महाराष्ट्र के कई मुठभेड़ों में शामिल चार खूंखार नक्सलियों समेत छह ने सोमवार को बीजापुर पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया। समर्पित नक्सलियों पर 35 लाख का इनाम घोषित था। ओडिशा राज्य में सक्रिय 4 माओवादी कैडरो सहित पश्चिम बस्तर डिवीजन के संगठन छोड़कर फरार 2 माओवादी ने सोमवार को हिंसा का रास्ता छोड़ बीजापुर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।

आत्मसमर्पण करने वाले 6 माओवादी कैडरों में 4 पीपीसीएम व 2 पार्टी मेंबर रैंक के माओवादी शामिल हैं, जिन पर 35 लाख का इनाम घोषित था। छग शासन की नक्सल आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति व सुरक्षा बलों द्वारा लगातार संचालित नक्सल विरोधी अभियानों तथा बीजापुर जिले में पुनर्वास एवं कौशल विकास कार्यक्रमों से प्रभावित होकर माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया।

समर्पित नक्सली इन घटनाओं में थे शामिल

समर्पण करने वाले नक्सली कई बड़ी घटनाओं व मुठभेड़ में शामिल थे। इन घटनाओं में अक्टूबर 2017 में महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस-माओवादी मुठभेड़ की घटना, अप्रैल 2018 में ओडिशा में मतदान दल पर हमला जिसमें 2 जवान शहीद, 8 जुलाई 2022: ओडिशा के ताराजार जंगल में पुलिस अभियान की घटना, अप्रैल 2024 में ओडिशा में माओवादी अस्थायी कैंप के विरुद्ध पुलिस अभियान आदि घटनाओं में शामिल थे।

समर्पितों को मिलेगा शासन की योजनाओं का लाभ

आत्मसमर्पण करने वाले सभी कैडरों को छग शासन की नक्सल आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के अंतर्गत नियमानुसार आर्थिक सहायता, कौशल विकास प्रशिक्षण, आवास, शिक्षा, स्वरोजगार एवं रोजगार से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

- उमेश प्रसाद गुप्ता
एसपी, बीजापुर

जंगल क्षेत्र से आधी रात रेत की चोरी, घेराबंदी में फंसा

पकड़े जाने पर अफसर को धमकाते रहा, वन अपराध का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

वन रेंज अधिकारी ने शनिवार देर रात कार्रवाई करते हुए अवैध रेत खनन और परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को दबोचा। मामला कन्हैया नाला बोदा का है। आरोप है कि रमेश यादव आरक्षित वन क्षेत्र में वनोपज रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर रहा था। वन अधिकारियों को अवैध परिवहन की सूचना मुखबिरों से प्राप्त हुई। इसके बाद टुकड़ियों में उन्होंने संबंधित क्षेत्र के आवागमन मार्ग में शाम से ही डेरा डाले रखा।

अंततः देर रात आरोपी को अवैध रेत के साथ पकड़ लिया गया। इस दौरान विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई। आरोपी व उनके सहयोगी जब्तीनामा रद्द कर शिकायत वापस लिए जाने का दबाव बनाते रहे। हालात को देखते हुए वन कार्यालय में देर रात पुलिस गश्त भी बढ़ा दी गई थी।



धमकी देता रहा आरोपी

वन विभाग का कहना है कि पकड़े जाने के बाद आरोपी धमकी देता रहा। बताया जा रहा है कि आरोपी ने राजनैतिक रसूक का भी हवाला भी दिया। ट्रैक्टर को पड़के जाने के दौरान रेंजर जूही वर्मा के साथ केवल एक महिला स्टाफ आशा यादव ही मौजूद थी। सहायता के लिए बुलाए गए बैकअप स्टाफ के आने तक आरोपी उन्हें डराता-धमकाता रहा। आरोपी पर पहले भी अवैध खनन तथा वनोपज परिवहन के आरोप दर्ज हैं। जब्ती के दौरान कार्रवाई में विभाग के दशहंस सूर्यवंशी, मनोहर यादव, राजेश पाटले, शंकर जोशी, ललित बंजारे, प्रदीप ढीमर, सुरेश यादव, टुकेश्वर राठौर, कमल मरावी सहित अन्य स्टाफ ने सहयोग दिया।

एसीबी ने स्पेशल कोर्ट में पेश किया 20 हजार पन्नों का चालान

सरगुजा में 67 लाख के फर्नीचर घोटाला का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

सरगुजा में राजीव गांधी शिक्षा मिशन के 67 लाख रुपए से अधिक के फर्नीचर घोटाले के मामले में सोमवार को एसीबी-ईओडब्ल्यू द्वारा विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में 20 हजार पन्नों का चालान पेश किया है। चालान भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(1)(डी), 13(2) तथा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 120-बी, 409 और 420 के अंतर्गत पेश किया गया है। इस चालान में एसीबी ने दस लोगों को आरोपी बनाया है। जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि भंडार क्रय नियमों की अनदेखी कर फर्नीचर की आपूर्ति और भौतिक सत्यापन से पहले ही भुगतान कर दिया था।



7 लाख दिया कमीशन

एसीबी के चालान के अनुसार विवेचना में सामने आया कि एसपी पाण्डेय ने 18 फरवरी 2011 को दर्शन फेब्रिकेटर रायपुर के संचालक सुरेश कटारिया के नाम जारी क्रय आदेश उन्हें देने के बजाय आकृति प्रिंटिंग प्रेस अम्बिकापुर के संचालक संजय पटेल को दिया। उन्होंने संजय पटेल को दर्शन फेब्रिकेशन के नाम से बैंक खाता खोलने के लिए कहा। संजय पटेल ने ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स अम्बिकापुर में इसी नाम से खाता खोला और 28 मार्च 2011 का चेक क्रमांक 625255 से 22 लाख 91 हजार 909 जमा कर राशि आहरित की।

13 हथियार और 208 डेटोनेटर बरामद

सुकमा। जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा बलों को सफलता मिली है। किस्टाराम थाना क्षेत्र के पालाचलमा गांव के जंगल-पहाड़ी इलाके में चलाए गए सर्चिंग अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा पूर्व में छिपाकर रखे गए डम्प का पता लगाकर भारी मात्रा में हथियार, जिंदा कारतूस, विस्फोटक सामग्री और संचार उपकरण बरामद किए हैं।







सूर्या का मोशन पोस्टर जारी आक्रामक अंदाज में दिखे सनी

मुंबई। बॉलीवुड स्टार सनी देओल अपनी अपकमिंग फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' में एक नए अवतार से दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। अभिनेता ने सोमवार को फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करके इसकी आधिकारिक घोषणा की। फर्स्ट लुक पोस्टर में वह काफी गंभीर और आक्रामक अंदाज में नजर आ रहे हैं। मोशन पोस्टर में देखा जा सकता है कि सनी देओल उम्रदराज लग रहे हैं। उनकी दाढ़ी आधी पकी है और आधी काली है। वह सिगरेट पी रहे हैं और उनका लुक आक्रामक है। उन्होंने टी-शर्ट पहनी है। पोस्टर शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा 'अतीत और वर्तमान के बीच उलझा हुआ, वह सच का पता लगाता है! पेश है 'सूर्याः अंत से आरंभ तक'!

लाइफ Style

श्रेया

सीरीज 'सहर होने को है' से कमबैक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पर्दे पर किरदार निभाने वाले कलाकारों को कई बार ऐसे चैलेंज मिलते हैं जो सालों इंडस्ट्री में काम करने के बावजूद अलग और चुनौतीपूर्ण लगते हैं। खासकर अगर वह किरदार ग्रे या नेगेटिव हो तो। कुछ ऐसा ही है गुजराती सिनेमा में काम करने वाली एक्ट्रेस श्रेया दवे का हाल।

'बरसातें: मौसम प्यार का' के बाद दो साल तक वर्टिकल ड्रामा और गुजराती सिनेमा में काम करने के बाद, श्रेया दवे छोटे पर्दे पर लौट आई हैं। अभी वह 'सहर होने को है' में पार्थ समथान के किरदार की सौतेली बहन जीनत का रोल निभा रही हैं। एक्ट्रेस इस बात को लेकर एक्साइटेड हैं कि उनका किरदार कहानी में क्या-क्या मोड़ लाएगा। श्रेया कहती हैं, 'एक एक्टर के तौर पर जीनत का किरदार मेरे लिए इसलिए खास और रोमांचक है क्योंकि वह कहानी में कुछ बहुत ही बदलता है। उसका सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा होगा, जिससे मुझे अलग-अलग शेड्स और कई तरह की भावनाएं दिखाने का मौका मिलेगा। श्रेया ने कहा, 'मेरे लिए यही बात इस रोल को इतना खास बनाती है। जीनत मुझे एक एक्टर के तौर पर बिल्कुल अलग दायरे में ले जा रही है, जिससे मुझे ऐसी भावनाएं दिखाने का मौका मिल रहा है जो मैंने पहले कभी नहीं दिखाईं। यह नया, चैलेंजिंग और बेहद रोमांचक है और मुझे इस किरदार को समझने में बहुत मजा आ रहा है। मैं उसे पॉजिटिव या नेगेटिव का लेबल लगाकर किसी एक दायरे में नहीं बांधना चाहती। इसलिए, मैं यही कहूंगी कि जीनत को इतनी जल्दी जज न करें'।



हॉलीवुड मसाला



गॉडजिला माइनस... का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। गॉडजिला माइनस जीरो के लेटेस्ट ट्रेलर से कनफर्म होता है कि पिछली फिल्म में गॉडजिला पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ था। इसमें नए 'काइजू' (मॉन्स्टर) को खत्म करने के ऑपरेशन की झलक भी मिलती है और नए व पुराने किरदारों से इंट्रोड्यूस कराया जाता है। ट्रेलर की रिपोर्ट के मुताबिक टोहो ने कन्फर्म किया है कि फिल्म में किंग गिडोरा दूसरा मॉन्स्टर होगा। फेस्टिवल प्रीमियर की कवरेज में गॉडजिला और गिडोरा के बीच कई भयानक और खूनी लड़ाइयों का जिक्र है, जो जमीन और आसमान में और भी तेज हो जाती हैं।



पूर्व पत्नी की शादी में 'स्पाइडर मैन' अभिनेता बने पादरी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की जानी-मानी ज्वेलरी डिजाइनर जेनिफर मेयर और बिजनेसमैन ज्योफ ओगुन्सलेसी की शादी इन दिनों चर्चा में बनी हुई है। इस शादी में सबसे खास बात यह रही कि जेनिफर के एक्स-हसबैंड और 'स्पाइडर-मैन' अभिनेता टोबी मैग्वायर ने ही शादी की रस्में कराईं। पेज सिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जेनिफर मेयर और उनके मंगेतर ज्योफ ओगुन्सलेसी ने पिछले वीकेंड हवाई के फोर सीजन्स रिजॉर्ट लानाई में आउटडोर सेरेमनी में शादी की। खास बात यह है कि यह शादी जेनिफर और टोबी के तलाक के कुछ ही हफ्तों बाद में ही हो गई। 49 साल की जेनिफर ने शादी में स्ट्रैपलेस गाउन पहना था। वहीं, ज्योफ ब्लैक सूट और बो टाई पहने हुए नजर आए। शादी की तस्वीरों में टोबी मैग्वायर फॉर्मल कपड़ों में पादरी बनकर सेरेमनी कराते दिखाई दिए। इस दौरान न्यूली वेड कपल ने फूलों से सजे मंडप के नीचे एक-दूसरे को किस भी किया।



नखरेवाली में दिखेगी रोमांटिक कॉमेडी

मुंबई। 'तेरे इश्क में' और 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक आनंद एल राय की नई फिल्म 'नखरेवाली' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। खास बात यह है कि इस बार फिल्म को राहुल शंकल्या ने डायरेक्ट किया है। वहीं, जियो स्टूडियोज, आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा फिल्म के निर्माता हैं। जबकि इसकी कहानी दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'नखरेवाली' 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म प्यार, रिश्तों और महिला-पुरुष की भूमिकाओं को एक नए अंदाज में पेश करने का वादा करती है। फिल्म के पोस्टर पर एक टैगलाइन लिखी है, 'कभी-कभी प्यार में मजनू को भी लैला बनना पड़ता है', जो रिश्तों के पारंपरिक तौर-तरीकों में एक मजेदार बदलाव की तरफ इशारा करती है।



अर्जुन नागा की शूटिंग में व्यस्त रामपाल

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल इन दिनों अपनी फिल्म 'अर्जुन नागा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। एक्टर ने फिल्म की बीटीएस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इसके साथ निर्देशक अनिल शर्मा ने भी इस भी फिल्म से जुड़ा पोस्ट साझा किया। अर्जुन रामपाल ने सोमवार को अपनी आगामी फिल्म 'अर्जुन नागा' के सेट से एक तस्वीर साझा की। इतना ही नहीं उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'पहले दिन की शूटिंग शुरू हो रही है, अनिल शर्मा के निर्देशन में। अर्जुन नागा के लिए हमें अपना आशीर्वाद दें। हम दोनों में उत्कर्ष शर्मा भी हैं। यह एक शानदार सफर होने वाला है।' फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने भी फिल्म 'अर्जुन नागा' के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने फिल्म की शूटिंग का एक वीडियो पोस्ट किया।

टीवी मसाला

छह साल बाद अभिनय की दुनिया में लौटने को तैयार

नई दिल्ली। अभिनेत्री बिपाशा बसु लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर एक्टिंग का जादू बिखेरती नजर आएंगी। उनके हाथ एक वेब सीरीज लगी है। इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। बिपाशा बसु बिटिया देवी के जन्म के बाद से एक्टिंग से दूर हैं। मगर, उनके फैंस के लिए खुशखबरी है। अभिनेत्री करीब छह साल बाद अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने को तैयार हैं। वे



हंसल मेहता की वेब सीरीज से जुड़ी हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। बिपाशा बसु मशहूर फिल्ममेकर हंसल मेहता की नई सीरीज में एक अहम रोल में नजर आएंगी। अभी तक इस शो के बारे में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल, बस इतना पता चला है कि सनी कौशल और विशाल जेठवा भी इस शो में बिपाशा के साथ नजर आएंगे। सीरीज का नाम अभी तय नहीं है। हंसल मेहता की इस अनटाइटल्ड सीरीज को कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखा है। इसे 'ऑलमाइटी मोशन पिक्चर्स प्रोडक्शंस' के बैनर तले प्रभलीन संधू ने प्रोड्यूस किया है। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। यह शो प्राइम वीडियो पर आएगा। इसकी कहानी एक छोटे से, गुमनाम शहर की है, जो महाद्वीप की हेरोइन राजधानी बनने की कगार पर है। इसमें सनी कौशल एक ईमानदार पुलिस वाले का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी ईमानदारी और इंसानियत को बचाने की कोशिश करते हुए सिस्टम के अंदर और बाहर की ताकतवर ताकतों से लड़ते हैं'। इस सीरीज के जरिए बिपाशा बसु अपनी बेटी देवी के जन्म के बाद लंबे ब्रेक के बाद एक्टिंग में वापसी कर रही हैं।

दो दिन में बिग बॉस से बाहर हुए नकुल

नई दिल्ली। बिग बॉस 20' में हाल ही में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नकुल ढुल की वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई थी। मगर उनका सफर घर में एक हफ्ते भी नहीं चल सका। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि उन्हें दो ही दिन में बेघर कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर चल रही खबरों के अनुसार उन्होंने बिग बॉस का एक सख्त नियम तोड़ा है। नकुल ढुल 'बिग बॉस 20' को घर से बेघर कर दिया गया है। एक्स हैंडल 'बिग बॉस तक' के मुताबिक नकुल के घर में दाखिल होने के दूसरे दिन ही उनका एविक्शन हो चुका है। इस रिपोर्ट के मुताबिक नकुल जिन्हें 'मिट्ठू डॉन' के नाम से भी जाना जाता है उनका झगड़ा घर के पुराने प्रतिभागी गुल्लू से हो गया। इसके बाद दोनों में जमकर हाथापाई हो गई। बिग बॉस के मुख्य नियम को तोड़ने के लिए कथित तौर पर नकुल ढुल को बाहर कर दिया गया। इस रिपोर्ट में बताया गया कि नकुल और काजी तौकीर आपस में बात कर रहे थे। इस दौरान काजी, स्काउट का मजाक उड़ाने लगे। यह बात नकुल को पसंद नहीं आई। इसके बाद नकुल और स्काउट की काजी से बहस हो गई। वहां मौजूद गुल्लू ने इस मामले को शांत कराने की कोशिश की तो नकुल नाराज हो गए।



देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर 'मचान बाबा' का पोस्टर रिलीज

नई दिल्ली। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और संतों के जीवन से जुड़ी कहानियां इन दिनों सिनेमा में नई जगह बना रही हैं। नीब करौरी बाबा से प्रेरित फिल्म 'हनुमान अंश' की सफलता के बाद अब देश के सबसे रहस्यमयी संतों में गिने जाने वाले देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर आने जा रही है। फिल्म का नाम 'मचान बाबा' है। मेकर्स ने इसका टाइटल पोस्टर जारी कर दिया है। फिल्म फिलहाल रिसर्च और प्री-प्रोडक्शन के दौर में है और इसे 2027 में रिलीज करने की तैयारी है। देवराहा बाबा की पहचान उनके मचान से जुड़ी थी। वह नदी किनारे जमीन से कई फीट ऊपर बने मचान पर रहते और वहीं से श्रद्धालुओं से मिलते थे। लेकिन उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा रहस्य उनकी उम्र को लेकर रहा। बाबा कितने वर्ष जीवित रहे, इसे लेकर अलग-अलग दावे और जनश्रुतियां मौजूद हैं। लेखक अभिजीत सेन ने भी अपनी पुस्तक में देवराहा बाबा की असाधारण दीर्घायु से जुड़े विभिन्न विवरणों और स्मृतियों की पड़ताल की है। कुछ कथाओं में उनकी आयु 500 वर्ष से भी अधिक होने तक के दावे किए गए हैं, हालांकि इसका कोई सर्वमान्य ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। देवराहा बाबा के बारे में सबसे दिलचस्प बात यह भी है कि उनके साथ अलग-अलग दौर की कई बड़ी राजनीतिक हस्तियों के प्रसंग जुड़े हैं। ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम की 1911 में बाबा से मुलाकात का दावा पुराने विवरणों में मिलता है। 2009 में संसद में हुई चर्चा के दौरान भी इस प्रसंग का उल्लेख किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देवराहा बाबा से मुलाकात और उनके आशीर्वाद से जुड़ी कहानी भी काफी चर्चित रही है। इसी तरह 1989 में राम मंदिर शिलान्यास से पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बाबा से हुई मुलाकात का उल्लेख विभिन्न संस्मरणों में मिलता है।



'गणेशः डस्ट टू स्टारडस्ट' में दिखेगी कोरियोग्राफर की जिंदगी की कहानी

नई दिल्ली। कोरियोग्राफर-फिल्ममेकर गणेश आचार्य ने रविवार को अपनी आने वाली फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' का ट्रेलर जारी किया। यह एक बायोग्राफिकल ड्रामा है जो एक साधारण शुरुआत से लेकर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने कोरियोग्राफर बनने तक के उनके सफर को दिखाता है। आचार्य द्वारा लिखी और निर्देशित यह फिल्म, सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के उनके सपने को पूरा करने के दौरान किए गए संघर्ष, त्याग और दृढ़ संकल्प की कहानी है। यह फिल्म इंडस्ट्री में उनके आगे बढ़ने के सफर को दिखाती है और उन चुनौतियों को भी उजागर करती है जिनका उन्होंने रास्ते में सामना किया। गणेश आचार्य की जिंदगी पर बनी फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार और इमोशनल है। अक्षय कुमार और अजय देवगन ने भी इस ट्रेलर को अपने-अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। ट्रेलर में उनके संघर्ष, मेहनत और सफलता की कहानी को दिखाया गया है। जिसमें कम उम्र में उनके पिता का निधन, आर्थिक तंगी, कम उम्र में कमाई और फिर 12 साल की उम्र में डांस की फील्ड में करियर बनाने की जिद दिखाई गई है। दर्शकों को ट्रेलर काफी पसंद आ रहा है। ट्रेलर कोरियोग्राफर के पर्सनल और प्रोफेशनल सफर की एक झलक दिखाता है, जिसमें डांस और भावुक पल कहानी का अहम हिस्सा हैं। शिवांशु सोनी, आलोक शॉ, सुकन्या कलान और साक्षी पावस्कर अभिनीत यह फिल्म 11 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आचार्य ने एक बयान में कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हर किसी को सपने देखने का अधिकार है, लेकिन सिर्फ सपने देखने से वे सच नहीं होते। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, त्याग करना पड़ता है और आगे बढ़ते रहना पड़ता है, चाहे सफर कितना भी मुश्किल क्यों न हो। 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' के जरिए हमने इसी भावना को जीवंत करने की कोशिश की है'।



मनोरंजन के शौकीनों के लिए खास रहेगा यह सप्ताह

ओटीटी पर दस्तक देंगी ये धमाकेदार फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। नए सप्ताह के साथ नई फिल्मों और सीरीज का इंतजार भी शुरू हो जाता है। थिएटर्स में यामी गौतम की नई नवेली और राजकुमार राव की प्रहार आएंगी। वहीं, ओटीटी पर भी मनोरंजन की अच्छी डोज मिलने वाली है।

द ट्रैप : यह जर्मन साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज है। छह एपिसोड की लिमिटेड सीरीज 13 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह सीरीज लेखिका मेलानी राबे के बेस्टसेलिंग उपन्यास पर आधारित है। लेखिका अपनी बहन की हत्या के बाद पिछले 10 वर्षों से घर से बाहर नहीं निकली है। एक दिन उसे टीवी पर एक ऐसा शख्स दिखाई देता है, जिसे देखकर उसे लगता है कि वही उसकी बहन का हत्यारा है। वह सच्चाई सामने लाने के लिए एक जोखिम भरी योजना बनाती है।

कॉफी विद करण सीजन 9 : निर्माता-निर्देशक का चर्चित शो 'कॉफी विद करण' का नौवां सीजन इस वीक रिलीज होगा। यह सीजन आखिरी भी है। यह सेलिब्रिटी टॉक शो है। इसमें करण जौहर इंडस्ट्री के सितारों के साथ दिलचस्प बातें करते हैं और कई अनसुने किस्से बाहर आते हैं। 14 अक्टूबर से 'कॉफी विद करण सीजन 9' को दर्शक जियो हॉटस्टार पर देख सकेंगे।



विजन क्वेस्ट : यह मार्वल की सुपरहीरो एक्शन सीरीज है। दर्शक इसे 14 अक्टूबर 2026 से जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। हालांकि, स्पष्ट कर दें कि 14 अक्टूबर को इसका पहला और दूसरा एपिसोड स्ट्रीम होगा। यह सीरीज हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में उपलब्ध होगी।

सैक्रिफाइस : यह एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसमें क्रिस इवांस, अन्या टेलर-जॉय और सलमा हायेक अहम भूमिकाओं में हैं। इसे 16 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

लव इन डिस्गाइज : अगर के-ड्रामा में दिलचस्पी है तो इसे देख सकते हैं। यह एक रोमांटिक थ्रिलर ड्रामा है। इम सिवान, सियोल इन आह, किम जंग ह्यून और येनवू अभिनीत 'लव इन डिस्गाइज' 19 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

इंडियन आइडियल लीजेंड्स रिटर्न

चर्चित सिंगिंग रियलिटी शो के पिछले सीजन के मशहूर सिंगर्स इसमें नजर आएंगे जो सिंगिंग मुकाबले में हिस्सा लेंगे। इस शो के जज होंगे हिमेश रेशमिया। वहीं, अभिजीत सावंत, सलमान अली समेत कई पूर्व प्रतियोगी इस शो में नजर आएंगे। इसका प्रीमियर एपिसोड 17 अक्टूबर को आएगा। वहीं, हर शनिवार और रविवार को रात आठ बजे यह शो प्रसारित होगा। इसे सोनी पर देख सकेंगे।

चीन डॉलर को टक्कर देने का प्लान बना रहा, 1000 टन से ज्यादा सोना खरीदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीन इन दिनों सोने की खरीद पर जमकर पैसा खर्च कर रहा है। 2026 के पहले 8 महीनों में ही चीन ने 1,000 टन से ज्यादा सोना आयात किया। इस पर चीन ने रिकॉर्ड 158.8 अरब डॉलर खर्च किए। भारतीय रुपए में यह रकम 15 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है।

- भारतीय रुपए में यह रकम 15 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा होती है

चीन ने पूरे 2025 में 886 टन सोना आयात किया था, लेकिन इस साल वह आठ महीनों में ही पिछले साल का आंकड़ा पार कर चुका है। इतना ही नहीं, चीन का सेंट्रल बैंक लगातार 23 महीने से सोने का रिजर्व बढ़ा रहा है। सितंबर 2026 में उसने करीब 23 टन सोना खरीदा, जो लगभग तीन साल में उसकी सबसे बड़ी मासिक खरीद बताई गई है।

चीन ने वर्ष 2026 के पहले 8 महीनों में 1000 टन से ज्यादा सोना आयात किया

चीन डॉलर व बांड पर निर्भरता घटाना चाह रहा

चीन की इस खरीद के पीछे सिर्फ सोने की कीमतों से मुनाफा कमाने की सोच नहीं है। वह अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी सरकारी बांड पर अपनी निर्भरता घटाना चाहता है। दूसरी ओर, चीन की कमजोर प्रॉपर्टी मार्केट, शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और बैंक जमा पर कम रिटर्न के कारण आम लोग भी सोने को निवेश के ऑप्शन के तौर पर देख रहे हैं। अब चीन के सोने के भंडार को लेकर एक और बड़ी चर्चा शुरू हो गई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, चीन दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा आधिकारिक गोल्ड होल्डर देश है और अगर उसकी खरीदारी इसी रफ्तार से जारी रही, तो वह इस साल फ्रांस और इटली को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है।



खरीदारों और कारोबारियों की मांग बढ़ी : चीन में सोने की मांग बढ़ने की वजह सिर्फ सेंट्रल बैंक की खरीद नहीं है। आम लोग और कंपनियां भी सोने में निवेश कर रहे हैं। इसकी एक वजह देश की अर्थव्यवस्था में बनी सुस्ती है। चीन का प्रॉपर्टी बाजार लंबे समय से दबाव में है। ऐसे में लोग सोने के गहने, सिक्के और गोल्ड बार खरीदकर अपनी बचत का कुछ हिस्सा सुरक्षित रखना चाहते हैं।

चीन के पास अमेरिकी बांड की रकम घटी

अमेरिकी ट्रेजरी के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई 2026 में चीन के पास अमेरिकी सरकारी बांड की रकम घटकर 618 अरब डॉलर रह गई, जो करीब 18 साल का निचला स्तर था। ऐसे में चीन की सोना खरीद को डॉलर पर निर्भरता घटाने और अपने विदेशी करेंसी रिजर्व में बदलाव करने की स्ट्रैटजी के तौर पर देखा जा रहा है।

सोना रिस्क से बचाव दे सकता है

चीन के सोना खरीदने की एक बड़ी वजह अपने विदेशी मुद्रा भंडार को अलग-अलग संपत्तियों में बांटना है। कई देश अपने भंडार का बड़ा हिस्सा अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी सरकारी बांड में रखते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय तनाव के समय विदेशी संपत्तियों पर प्रतिबंध लगने का रिस्क भी रहता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूस के सेंट्रल बैंक की कई विदेशी संपत्तियों को फ्रीज कर दिया था। इसके बाद दूसरे देशों के लिए भी अपने विदेशी भंडार की सुरक्षा एक अहम मुद्दा बन गया। अपने देश के भंडार में रखा सोना इस तरह के रिस्क से कुछ हद तक बचाव दे सकता है।

दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा गोल्ड होल्डर

द कोबेसी लेटर के आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर 2026 तक चीन के आधिकारिक सोने का भंडार बढ़कर 2,410 टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसमें सितंबर में सेंट्रल बैंक की ओर से खरीदा गया 23 टन से ज्यादा सोना भी शामिल है। फिलहाल आधिकारिक गोल्ड रिजर्व के मामले में चीन से आगे अमेरिका, जर्मनी, इटली और फ्रांस हैं। आंकड़ों के अनुसार, फ्रांस के पास करीब 2,437 टन और इटली के पास लगभग 2,452 टन सोना है। यानी चीन को फ्रांस से आगे निकलने के लिए करीब 27 टन और इटली को पीछे छोड़ने के लिए करीब 42 टन अतिरिक्त सोने की जरूरत होगी। अगर चीन का सेंट्रल बैंक इसी तरह खरीदारी जारी रखता है, तो वह 2026 के अंत तक दोनों देशों को पीछे छोड़ सकता है। ऐसा होने पर अमेरिका और जर्मनी के बाद चीन दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा आधिकारिक गोल्ड होल्डर बन जाएगा।

खबर संक्षेप

एचडीएफसी बैंक का त्योहारों के लिए विशेष अभियान



नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक ने अपने सालाना त्योहारी अभियान की शुरुआत करने की सोमवार को घोषणा की। इसके तहत ऋण, कार्ड, बचत और चालू खातों से जुड़ी 10,000 से अधिक पेशकश की जाएंगी, ताकि ग्राहक त्योहारों के दौरान किफायती कीमतों पर खरीदारी कर सकें।

जेटवर्क के आईपीओ का मूल्य दायरा तय



नई दिल्ली। विनिर्माण मंच जेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस लिमिटेड ने अपने 5,012 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 143-151 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। प्रौद्योगिकी आधारित विनिर्माण मंच की ओर से जारी घोषणा के अनुसार, आईपीओ 15 अक्टूबर को खुलेगा और 19 अक्टूबर को बंद होगा।

यूरोप में नियमों के कारण विनिर्माण प्रतिस्पर्धी नहीं

सभी कंपनियां भारत में विनिर्माण करना पसंद करेगी

यूरोप में प्रतिस्पर्धी बने रहना काफी मुश्किल है

वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा, भारत बनेगा वैश्विक केंद्र

यूरोप की कार कंपनियां भारत में विनिर्माण को देंगी प्राथमिकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि यूरोप के नियमों के कारण वहां वाहनों का विनिर्माण प्रतिस्पर्धी नहीं रह जाएगा और ऐसे में यूरोप की सभी कार कंपनियां भारत में विनिर्माण करना पसंद करेंगी। गोयल ने कहा कि भारत वैश्विक कार विनिर्माण केंद्र बनने जा रहा है।

यहां 'दिल्ली डायलॉग' कार्यक्रम में उन्होंने कहा, ''आखिरकार भारत कार विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनने जा रहा है। सभी कंपनियां भारत आएंगी और यहां विनिर्माण करेंगी। यूरोप में इतने अव्यावहारिक नियम हैं कि वहां प्रतिस्पर्धी बने रहना असंभव हो जाएगा। सभी यूरोपीय विनिर्माता भारत आएंगे।''

भारतीय कामगारों की मांग जर्मनी और जापान में

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जर्मनी और जापान जैसे देशों में भारतीय कामगारों की मांग है। भारत के निर्यात के बारे में गोयल ने कहा कि मंत्रालय चालू वित्त वर्ष में वस्तुओं और सेवाओं का कुल एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात हासिल करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि निर्यात और आयात, दोनों बढ़ रहे हैं। इससे घरेलू उद्योग और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को प्रोत्साहन मिलता है।





टाटा जगुआर खरीदने के बाद मुश्किल में पड़ गई थी

गोयल ने कहा, ''मुझे नहीं पता कि आप इस बारे में जानते हैं या नहीं। टाटा को जगुआर खरीदने के बाद काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। टाटा मोटर्स खुद भी बंद होने की कगार पर पहुंच गई थी। इसके बाद कंपनी ने बड़े पैमाने पर इंजीनियरिंग में बदलाव किए और कुछ मॉडल भारत में बनाने शुरू किए... कई साल बाद आखिरकार वह मुनाफा कमाने में सफल हुई।''

ब्रिटेन के साथ समझौता 15 जुलाई से हुआ लागू

भारत ने मुक्त व्यापार समझौतों के तहत ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) को कोटा आधारित शुल्क रियायतें दी हैं। ब्रिटेन के साथ समझौता 15 जुलाई से लागू हो गया था, जबकि यूरोपीय संघ के साथ समझौते पर इस साल के अंत तक हस्ताक्षर होने की संभावना है।

ईयू की कार्बन सीमा को लेकर जताई चिंता

मंत्री ने यूरोपीय संघ के किसी नियम का विस्तार से उल्लेख नहीं किया। हालांकि, भारत और कुछ अन्य देशों ने ईयू की कार्बन सीमा समायोजन व्यवस्था (सीबीएएम) को लेकर चिंता जताई है। गोयल ने कहा कि जैसे-जैसे भारतीय बाजार में मांग का स्तर विनिर्माण को व्यावहारिक रूप से संभव बनाने लायक होगा, वैसे-वैसे अंतरराष्ट्रीय वाहन कंपनियां भारत में अधिक विनिर्माण करेंगी।

आयात के लिए महंगी कारों को शामिल किया गया

ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) से कारों के आयात के लिए तय कोटा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसके तहत मुख्य रूप से महंगी कारों को शामिल किया गया है, जबकि कम कीमत वाली कार का खंड को अभी नहीं खोला गया है। शुरुआत में भारतीय बाजार की संभावनाएं परखने के बाद पुणे में विनिर्माण संयंत्र स्थापित किए।

वोल्वो भारत में प्लग इन हाइब्रिड वाहन करेगी पेश



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्वीडन की वाहन विनिर्माता कंपनी वोल्वो भारत में प्लग-इन हाइब्रिड वाहन पेश करने की संभावनाएं तलाश रही है, लेकिन ऊंची कर दरों के कारण उसे इन वाहनोंकी कीमत प्रतिस्पर्धी रखने में चुनौती दिख रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह बात कही। वोल्वो कार इंडिया के प्रबंध निदेशक ज्योति मल्होत्रा ने नई इलेक्ट्रिक लक्जरी एसयूवी 'ईएक्स90' की पेशकश के मौके पर कहा कि कंपनी भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और माइल्ड हाइब्रिड वाहनों का संतुलित पोर्टफोलियो रखने की योजना पर काम कर रही है। इसके साथ ही प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों की संभावनाओं का भी आकलन किया जा रहा है।

- कंपनी पेश करने की संभावनाएं कर रही तलाश
- ऊंची कर दरों के कारण कीमत प्रतिस्पर्धी रखने में दिख रही चुनौती

कंपनी भारत में ब्रांड स्थापित करना चाह रही

आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी दिक्कतों का निकट अवधि की बिक्री पर असर पड़ रहा है। बिक्री और बाजार हिस्सेदारी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि निकट अवधि में कंपनी का जोर बिक्री की संख्या या बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के बजाय भारत में ब्रांड की पहचान मजबूत करने और ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने पर है।

कच्चे तेल के दाम चढ़ने से सेंसक्स 548 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



कच्चे तेल के दाम में तेजी तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली के दबाव से घरेलू शेयर बाजार सोमवार को नुकसान में रहे। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स करीब 548 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 157 अंक की गिरावट आई।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में बॉण्ड प्रतिफल में वृद्धि से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 547.65 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,924.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 796.23 अंक तक टूट गया था। निफ्टी भी 157.10 अंक नुकसान के साथ 22,363.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से आईटीसी, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय स्टेट बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर में सबसे अधिक गिरावट रही। वहीं, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और एचसीएल टेक के शेयर लाभ में रहे।जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय बाजार शुरुआती बढ़त बरकरार रखने में विफल रहे। 10 साल के सरकारी बॉण्ड पर प्रतिफल तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचने और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली से बाजार धारणा प्रभावित हुई।

- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पूंजी की निकासी की
- अमेरिका में बांड प्रतिफल वृद्धि से निवेशकों की धारण प्रभावित

एशियाई बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुए। हांगकांग का हैंगसेंग मामूली बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी रही। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

रुपए में मजबूती से सोना 1400 रुपए टूटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



रुपये में मजबूती और वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमत 1,400 रुपये घटकर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 2,000 रुपये गिरकर 2,26,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,28,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेत मिलने के कारण सोमवार को घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में नरमी रही। रुपये में मजबूती ने भी कीमती धातुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ाया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने घरेलू मुद्रा को मजबूती देने के उद्देश्य से सप्ताहांत में कई उपाय किए थे। इसके बाद सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96 पैसे मजबूत होकर 95.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। छह महीने से अधिक समय में यह एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त थी।

भौतिक सोने की मांग मिलीजुली रही

गांधी ने कहा कि भौतिक सोने की मांग मिली-जुली रही। कीमतों में तेजी आने के बाद घरेलू बाजार में सोने की खरीदारी सुस्त रही, जबकि चीन में छुट्टियों के कारण कम कारोबार वाले दौर के बाद मांग बढ़ने की उम्मीद है।

अब खास वित्तीय उत्पादों का नहीं होगा प्रचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बाजार नियामक सेबी ने शेयर ब्रोकर, समाशोधन निगम समेत वित्तीय बाजार मध्यस्थों के लिए साझा विज्ञापन संहिता अधिसूचित की है।

इसके तहत इन इकाइयों को अपने ब्रांड या कंपनी के स्तर पर प्रचार के लिए जानी-मानी हस्तियों को शामिल करने की अनुमति दी गई है, लेकिन किसी खास वित्तीय उत्पाद या सेवा का समर्थन करने पर रोक लगाई गई है। साझा विज्ञापन संहिता शेयर ब्रोकर, डिपॉजिटरी प्रतिभागियों, निवेश सलाहकारों, शोध विश्लेषकों, ऑनलाइन बॉण्ड मंच संचालकों, पोर्टफोलियो प्रबंधकों और म्यूचुअल फंड तथा परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों पर लागू होगी।

प्रचार-प्रसार का दावा नहीं किया जा सकेगा : सेबी ने आठ अक्टूबर की अधिसूचना में कहा, ''हस्तियों को बाजार मध्यस्थों के ब्रांड या इकाई के स्तर पर प्रचार करने की अनुमति होगी। इस तरह के प्रचार में विनियमित इकाई द्वारा दी जाने वाली सेवाओं या उत्पादों के नाम शामिल हो सकते हैं, लेकिन किसी खास उत्पाद या सेवा के बारे में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रचार-प्रसार या दावा नहीं किया जा सकेगा।''

विज्ञापन से पहले हस्ती से अनुमति लेनी होगी : सेबी ने कहा कि किसी हस्ती को शामिल करने वाले विज्ञापन के लिए संबंधित पर्यवेक्षी निकाय से पहले मंजूरी लेनी होगी। यदि किसी संबंधित इकाई के लिए ऐसा कोई निकाय निर्धारित नहीं है, तो सेबी से पूर्व अनुमति लेनी होगी।

एचसीएल टेक का मुनाफा 21 प्रतिशत बढ़कर 5132 करोड़

नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 21.18 प्रतिशत बढ़कर 5,132 करोड़ रुपये रहा है। नोएडा मुख्यालय वाली कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 4,235 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 11.5 प्रतिशत बढ़कर 35,620 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 31,942 करोड़ रुपये थी।

बिजनेस साइट

एलन टैलेंटेक्स में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर तक



कोटा। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित एलन टैलेंटेक्स-2027 के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर तक है। कक्षा 5 से 10 तक के विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। एलन के वाइस प्रेसीडेंट पंकज अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को नेशनल और स्टेट रैंकिंग के साथ 2.50 करोड़ रुपए के कैश प्राइज तथा एलन के कोर्सेज में प्रवेश पर 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप दी जाएगी। अब तक इस परीक्षा में 21 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हो चुके हैं। 25 अक्टूबर को ऑफलाइन परीक्षा टैलेंटेक्स-2027 की ऑफलाइन परीक्षा 25 अक्टूबर को होगी। वहीं, ऑनलाइन परीक्षा 25, 28 और 31 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो घंटे की होगी। इसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायोलॉजी और लॉजिकल मेंटल एबिलिटी से संबंधित बहुविकल्पीय और इंटीजर टाइप प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रश्नपत्र एनसीईआरटी के सिलेबस पर आधारित होगा। परीक्षा के बाद विद्यार्थियों को कम्पीटिटिव सक्सेस इंडेक्स भी दिया जाएगा, जिससे वे अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का आकलन कर सकेंगे। इच्छुक विद्यार्थी पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। वेबसाइट पर प्रैक्टिस टेस्ट पेपर, परीक्षा पैटर्न और विस्तृत सिलेबस की जानकारी भी उपलब्ध है।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) गरियाबंद, छत्तीसगढ़
कलेक्टर परिसर (रूम नं 73, प्रथम तल)
e-mail id:- mininggariaband@gmail.com

क्रमांक /1138 / ख.लि. /रेत /न.क्र. /2026-27
गरियाबंद, दिनांक 08/10/2026

रेत खदानों के आबंटन हेतु नीलामी सूचना

Event No.: MSTC/RPR/Chhattisgarh/Gariaband Tender/2/26-27/36110

सर्वसाधारण की जानकारी के लिये यह प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला गरियाबंद (छत्तीसगढ़) द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम-7 अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाना है। जिस हेतु अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदार इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) में भाग ले सकता है। इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु बोली प्रारंभ करने की आरंभिक तिथि **29.10.2026 (सुबह 10.00 बजे से) तथा अंतिम तिथि 04.11.2026 (शाम 05.30 बजे तक) है।**

इच्छुक बोलीदार खदानों का आबंटन हेतु इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी एमएसटीसी के वेबसाइट **mstcecommerce.com** एवं जिले के वेबसाइट **gariaband.gov.in** एवं कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) गरियाबंद एवं संबंधित नगर पंचायत/ग्राम पंचायत/जनपद/जिला पंचायत भवन के सूचना पटल से प्राप्त कर सकता है। एमएसटीसी लिंक **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/mmb/sandcg/index.jsp**

अपर कलेक्टर
जिला गरियाबंद (छ.ग.)

G-262703898/2

कार्यालय कलेक्टर, जिला बालोद (छ.ग.)

// सार्वजनिक सूचना //

क्रमांक/8364 / कले./भू-अर्जन/भूक्रनी/ 2026
बालोद दिनांकः 08/10/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत् कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग बालोद द्वारा करतूटोला जलाशय के डुबान में प्रभावित होने से ग्राम करतूटोला प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. भंवरमरा तहसील डौण्डीलोहारा, जिला बालोद के निम्नानुसार कृषकों/भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग बालोद के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा हैः-

क्र.	भू-धारकों का नाम	खसरा नं.	कुल रकबा (हे. में)	क्रय हेतु प्रस्तावित रकबा (हे.)	परिसम्पत्ति का विवरण
1	2	3	4	5	6
1	नरेन्द्र, मनहरण, नरषोत्तम, रूखमीन पि. शीतल, हरबन व. हटोई लखन पंचम पि. शीतल, गोंड़	194/2	1.05	1.05	-
2	महेश व. कृपाराम तीरथ बाई पि. कृपाराम, सालिक राम, सिगनाथ पि. धनसिंग, गायत्री बाई, फनेश बाई पि. दरबारी, हल्बा	192	0.19	0.19	-
		218/1	0.56	0.56	-
		Total	**0.75**	**0.75**	-
3	रमतुला बाई जौ. गेंदूराम, कन्हैयालाल, प्रीतलाल, खिलावन, अमरिका बाई पि. गेंदूराम, गोंड	220	0.26	0.26	-
4	तिजन राम व. जहरूराम, लोहार	193	0.20	0.20	-
	योग :-	**05**	**2.26**	**2.26**	

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो जारी दिनांक से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर
जिला-बालोद
G-262703908/1

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) (A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (CIN - U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail :eeciviltrans.raipur@cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146 Website : www.cspc.co.in

No.-04-01/Trans./Works/2813 **Raipur, dtd.08.10.2026**

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-

1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/68, Rfx No.- 8100052403, Construction of additional 01 No. 33 KV feeder bay at under construction 132 KV S/s Keshkal for sanction of 3000 KVA New HT connection at 33 KV in respect of M/s Project Director National Highway Authority of India (NHAI) Abhanpur at Village- Kosmi Block- Vishrampuri Under O&M Dn. Kondagaon (C.G.) BP. No. 1031665.; **NIT Value:-**Rs. 10.45 Lakhs **EMD:-** Rs. 10,500/, **Completion Period:- 03 Months.2.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/71, Rfx No.- 8100054551,** Construction of 02 No. additional 33 KV feeder bay at 132/33 KV S/s Koni under S/s Dn. CSPTCL Bilaspur for providing connectivity to 33 KV Circuit house & Chantidih feeders of CSPDCL.; **NIT Value:-**Rs. 7.48 Lakhs **EMD:-** Rs. 7,500/, **Completion Period:-03 Months.3.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/73, Rfx No.- 8100054572,** Providing services of 03 Nos. Technical Diploma Holder (High Skilled Labour) and 06 No. Computer operator (High Skilled Labour) through outsourcing for one year for the O/o Chief Engineer (Civil) CSPTCL, Raipur.; **NIT Value:-** Rs. 21.61 Lakhs **EMD:-**Rs. 21,700/, **Completion Period:- 12 Months.4.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/74, Rfx No.- 8100054600,** Providing services of 04 Nos. Computer operator (High Skilled Labour) & 01 No. Peon (Un-Skilled Labour) through outsourcing for one year for the O/o Superintending Engineer (Civil) Circle CSPTCL, Raipur.; **NIT Value:-**Rs. 11.62 Lakhs **EMD:-** Rs. 11,700/, **Completion Period:- 12 Months.5.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/75, Rfx No.- 8100054615,** Civil work for augmentation of existing EMCO- make 220/132 KV 160 MVA X-mer-II with 200 MVA capacity X-mer at 220/132/33 KV S/s Siltara.; **NIT Value:-**Rs. 15.50 Lakhs **EMD:-** Rs. 15,500/, **Completion Period:- 05 Months.6.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/76, Rfx No.- 8100054703,** Construction of 02 Nos. 4 bay shed in Area store in jurisdiction of EE (Store) CSPTCL Tifra, Bilaspur.; **NIT Value:-**Rs. 27.85 Lakhs **EMD:-** Rs. 27,900/, **Completion Period:- 05 Months.7.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/77, Rfx No.- 8100054640,** Annual work of upkeeping & caretaking of Camping House situated at 220/132 KV S/s Barsoor.; **NIT Value:-**Rs. 5.10 Lakhs **EMD:-** Rs. 5,100/, **Completion Period:- 12 Months.8.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/78, Rfx No.- 8100054643,** Providing services of 03 Nos. Computer Operator (High Skilled Labour) and 01 No. Peon (Un-skilled Labour) for 01 year for office of E.E. (Civil) Dn. CSPTCL, Kanker.; **NIT Value:-**Rs. 8.85 Lakhs **EMD:-** Rs. 8,900/, **Completion Period:- 12Months.**

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 06 is Rs.5000/- (i/c GST); Sl. No.- 01, 02, 03, 04, 05, 07, 08 is Rs.2000/- (i/c GST).** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 02.11.2026 for Sl. No.- 01, 02; dt. 03.11.2026 for Sl. No.- 03, 04; dt. 04.11.2026 for Sl. No.- 05, 06; dt. 05.11.2026 for Sl. No.- 07, 08.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.

SAVE ELECTRICITY

(Sanjay Tiwari)
Chief Engineer (Civil)CSPTCL, Raipur



17 साल की माया ने तोड़ा सानिया का 22 साल पुराना रिकॉर्ड

माया ने जीता अपना पहला पेशेवर खिताब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की उभरती हुई युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पुर्तगाल में डब्ल्यू35 लागोस टूर्नामेंट के रूप में अपना पहला पेशेवर खिताब जीता।

क्वालीफायर के रूप में टूर्नामेंट में भाग लेने वाली माया ने खेले गए फाइनल में स्पेन की सेलिया सेर्विनो रुइज़ को 6-4, 6-2 से हराया। इस जीत से यह 17 वर्षीय खिलाड़ी सानिया मिर्जा के बाद पेशेवर एकल खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। माया ने यूक्रेन की येलीज़ावेटा कोट्लियार के साथ मिलकर युगल खिताब भी जीता। उन्होंने एकल में एक भी सेट नहीं गंवाया। उन्होंने पहले दौर में ही शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुलस्काइट को पराजित करके अपने इरादे जतला दिए थे।

यह तो बस शुरुआत है : माया

माया ने टूर्नामेंट जीतने के बाद कहा, 'यह तो बस शुरुआत है। यह मेरा पहला खिताब है। यह मेरे पेशेवर करियर की शुरुआत के लिए अच्छा संकेत है। इससे मुझे आत्मविश्वास मिला है कि मैं अच्छी तरह से चुनौती पेश कर सकती हूं।'



वुहान ओपन नहीं खेलेंगीं झेंग और मीरा

बीजिंग। चाइना ओपन फाइनल खेलने के बाद झेंग किनवेन और मीरा आंद्रीवा वुहान ओपन से हट गई हैं। झेंग ने दाहिने कंधे की चोट का हवाला दिया है, जबकि आंद्रीवा ने शेड्यूल में बदलाव के कारण हटने का फैसला किया है। टूर्नामेंट से हटने की घोषणा करते हुए झेंग ने कहा कि लगातार मैचों के बोझ के कारण वह शारीरिक रूप से थक गई हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, झेंग ने कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत अफसोस हो रहा है कि मैं इस साल के वुहान ओपन से हट रही हूं। वुहान वह जगह है जहां से मेरे टेनिस के सपने की शुरुआत हुई थी, और वुहान ओपन ही वह टूर्नामेंट है जिससे मैंने डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर अपनी पहचान बनाई थी। मैं हमेशा अपने घरेलू फैंस के सामने खेलने का इंतजार करती रही हूं।





मुंबई के तुषार देशपांडे ने हैट्रिक के बाद खोला पंजा

रणजी ट्रॉफी पहले राउंड में दूसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। एलीट ग्रुप डी के मुकाबले में मुंबई का सामना चंडीगढ़ की टीम से हो रहा है। पहली पारी में मुंबई ने 429 रन बनाए थे। जवाब में चंडीगढ़ की टीम पहली पारी में 78 रन पर ही ढेर हो गई और फॉलोऑन भी नहीं बचा सकी। मुंबई के लिए गेंदबाजी में तुषार देशपांडे ने पहले हैट्रिक ली और फिर पंजा खोला। तुषार देशपांडे ने 7 ओवर गेंदबाजी की और एक मेडन ओवर के साथ 17 रन देकर 5 विकेट झटके। इसमें उनकी हैट्रिक भी शामिल थी। तुषार ने चंडीगढ़ की पारी के 11वें ओवर में अर्जुन आजाद, शिवम भांबरी और दीपेंदर कुश को लगातार एक के बाद पवेलियन भेजा और हैट्रिक पूरी की। उनके अलावा मोहित अवस्थी ने 3 और सिल्वेस्टर डिसूजा ने 2 विकेट लिए।

रणजी ट्रॉफी : ऑलराउंडर रवींद्र ने ठोका 16वां फर्स्ट क्लास शतक

जडेजा की छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 रन की धमाकेदार पारी

पहली पारी में सौराष्ट्र ने बनाए 392 रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में शतक बनाया। सौराष्ट्र की ओर से खेलते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 रन की पारी खेली। रवींद्र जडेजा का यह 16वां फर्स्ट क्लास शतक रहा। 209 गेंद का सामना किया और 7 चौके लगाए। वे सौराष्ट्र के आखिरी विकेट के तौर पर आउट हुए। इससे उनकी टीम ने पहली पारी में 392 रन का स्कोर बनाया।

जडेजा पांचवें नंबर पर बैटिंग को उतरे थे। उनके व प्रेरक मांकड़ (129) के बीच पांचवें विकेट के लिए 205 रन की पार्टनरशिप हुई। मगर इस साझेदारी के टूटने के साथ ही सौराष्ट्र की पारी ढह गई। उसने आखिरी पांच विकेट 36 रन में गंवा दिए। यह तो एक छोर पर जडेजा थे, जिससे टीम 392 तक पहुंचने में सफल रही नहीं तो 380 से पहले ही पारी सिमट जाती।



रवींद्र का 8 साल बाद सौराष्ट्र के लिए शतक

जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में नौवां शतक बनाया। उनके छह शतक भारत और एक वेस्ट जोन के लिए आया है। जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए बनाए 9 में से 3 शतकों को ट्रिपल सेंचुरी तक पहुंचाया है। जडेजा ने इससे पहले 2018-19 में आखिरी बार सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी में शतक बनाया था। तब उन्होंने नाबाद 178 रन की पारी खेली थी। 2018-19 से लेकर 2026-27 के सीजन के बीच जडेजा ने बहुत कम मैच सौराष्ट्र के लिए खेले थे। पिछले सीजन दो मैचों उतरे थे। दरअसल भारतीय टीम के तीनों फॉर्मेट का हिस्सा होने की वजह से वह घरेलू क्रिकेट नहीं खेल पाए थे।

रिंकू सिंह-माधव कौशिक के शतक



रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए के पहले मैच में यूपी ने बिहार के खिलाफ बेहतरीन आगाज किया है। उत्तरप्रदेश की टीम ने बिहार के खिलाफ मैच की पहली पारी में 540 रन बनाए। ओपनर माधव कौशिक ने 150 रन की पारी खेली। वहीं मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने 112 रन की बेहतरीन पारी खेली। मुकाबले के पहले दिन यूपी की टीम ने 3 विकेट पर 287 रन बनाए थे। दूसरे दिन टीम के लिए आराध्य यादव (84) और जीशान अंसारी (58) ने अच्छी पारियां खेलीं। अंत में अभिनंदन सिंह ने 30 गेंद पर 43 रन बनाते हुए स्कोर 540 रन तक पहुंचा दिया। यूपी ने कुल 153.1 ओवर बल्लेबाजी की। बिहार के गेंदबाजों को टीम ने पूरी तरह थका दिया।

साई फेल, सुंदर ने झटके 2 विकेट

रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में सोमवार को साई सुदर्शन का बल्ला नहीं चला। वह तमिलनाडु के लिए ओपनिंग करने उतरे और 3 रन बनाकर पवेलियन लौटे। चेतन शर्मा ने उन्हें बोल्ड किया। इससे पहले उन्हें फील्डिंग के दौरान घुटने में चोट लगी थी। साई लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर गए थे। हालांकि, उनकी चोट गंभीर नहीं थी और वह ओपनिंग करने उतरे। तमिलनाडु ने राजस्थान को पहली पारी में 363 रन पर आउट कर दिया। भारतीय टेस्ट टीम के एक अन्य खिलाड़ी वाशिंगटन सुंदर ने 2 विकेट झटके। उन्होंने 23 ओवर में 58 रन देकर 2 विकेट लिए। वाशिंगटन ने कार्तिक शर्मा और चेतन शर्मा को आउट किया।

भारत बनाम वेस्टइंडीज टी20

आईसीसी ने लगाई पॉवेल और रदरफोर्ड को फटकार

खाते में जुड़ा डिमेरिट अंक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के क्रिकेटर रोवमैन पॉवेल और शेरफेन रदरफोर्ड को शुक्रवार को भारत के खिलाफ रांची में खेले गए दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के दौरान आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई है।

दोनों खिलाड़ियों के खाते में एक-एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है, जो पिछले 24 महीनों में दोनों का पहला उल्लंघन है। पॉवेल को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह प्रावधान क्रिकेट उपकरणों के दुरुपयोग से संबंधित है।

वेस्टइंडीज की पारी के छठे ओवर में मयंक यादव की गेंद पर आउट होने के बाद पॉवेल ने अपने बल्ले से गेंद को जोर से दूर मार दिया था। रदरफोर्ड पर आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के उल्लंघन का आरोप लगा, जो अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से संबंधित है।



एमआई में शामिल हुईं अमेरिकी तेज गेंदबाज नॉरिस

नई दिल्ली। अमेरिका की बाएं हाथ की तेज गेंदबाज तारा नॉरिस अगले साल होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियन्स की ओर से खेलेंगी। उन्हें यूपी वारियर्स के साथ सफल 'ट्रेड' सौदे के बाद मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। नॉरिस को वारियर्स ने 2026 सत्र से पहले 10 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। डब्ल्यूपीएल ने कहा कि यह 28 वर्षीय तेज गेंदबाज इसी राशि पर मुंबई इंडियन्स से जुड़ेंगी। डब्ल्यूपीएल ने कहा, 'नॉरिस 10 लाख रुपए की मौजूदा राशि पर मुंबई इंडियन्स से जुड़ेंगी।'

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग की छह टीमों का ऐलान

सरदार सिंह बने लीग एंबेसडर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के पहले सीजन के लिए छह फ्रेंचाइजी टीमों का ऐलान कर दिया गया है। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान सरदार सिंह को लीग का एंबेसडर बनाया गया है। 21 अक्टूबर से 1 नवंबर तक रायपुर के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित होने वाली इस लीग में 18 पुरुष मुकाबलों के साथ महिला हॉकी का एक प्रदर्शनी मैच भी खेला जाएगा। उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में सभी टीमों की जर्सी लॉन्च की गई। ड्रॉ के माध्यम से प्रत्येक फ्रेंचाइजी को 22 खिलाड़ियों की टीम और एक मुख्य कोच आवंटित किया गया। लीग में कुल 132 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें छत्तीसगढ़ के 108 स्थानीय और 24 अतिथि खिलाड़ी शामिल हैं।

21 अक्टूबर से रायपुर में शुरू होगी लीग, विजेता को मिलेंगे 11 लाख रुपए, सभी मुकाबलों में दर्शकों का प्रवेश निशुल्क

यह है छह-छह फ्रेंचाइजी टीम

छह फ्रेंचाइजी में चक्रधर चैंपियंस को जिंदल स्टील, न्यायधानी नाइट्स को एसईसीएल, राजधानी रॉयल्स को श्री बजरंग पावर एंड इस्पात, मैनपाट टाइगर्स को छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल, संस्कारधानी स्ट्राइकर्स को सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स तथा बैलाडीला बुल्स को एनएमडीसी का समर्थन मिला है। लीग में पूर्व ओलंपियन एसवी सुनील, सुरेंद्र कुमार, ललित कुमार उपाध्याय, चिंगलेनसाना सिंह, शमशेर सिंह और प्रदीप मोर मार्की खिलाड़ियों के रूप में टीमों की अगुवाई करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि लीग से प्रदेश की प्रतिभाओं को बेहतर मंच और मार्गदर्शन मिलेगा। सरदार सिंह ने भी इसे स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण पहल बताया।

विजेता को 11 लाख और उपविजेता को छह लाख मिलेंगे

प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 21 लाख रुपए है। विजेता को 11 लाख और उपविजेता को छह लाख रुपए मिलेंगे। व्यक्तिगत पुरस्कारों के लिए चार लाख रुपए निर्धारित हैं। सभी मुकाबलों का सीधा प्रसारण जियो हॉटस्टार पर होगा और दर्शकों को स्टेडियम में निशुल्क प्रवेश मिलेगा। उद्घाटन समारोह में पंजाबी गायक जस्सी गिल और बब्बल राय की प्रस्तुतियां भी होंगी। लीग का मस्कट 'बघवा' और टैगलाइन 'चलो रे संगी हॉकी खेलबो' रखी गई है।



बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-4222611,4222612
ई-मेलः Recovery.Raipur@bankofbaroda.bank.in

अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस

यतः बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम,2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारो/जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से,उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/ जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र.	शाखा का नाम/ फोन नं.	उधारकर्ता / जमानतदार का नाम एवं पता	प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण	मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक/भौतिक कब्जा तिथि
01	एम्स जी.ई. रोड, टाटीबंध शाखा, रायपुर 9109993975	मेसर्स चावड़ा एजेंसी और प्रोप. नीरज सिंह चावड़ा, पंजीकृत कार्यालय का पताः सी-108, प्रथम तल, अविनाश आशियाना, कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.), और निवासी का पता- सी-108, प्रथम तल, अविनाश आशियाना, कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.) और जमानतदारः श्रीमती जयश्री चावड़ा पति श्री धीरेंद्र चावड़ा, एमआईजी 127,	साम्यिक बंधक फ्लैट से संबंधित फ्लैट नं.-108, ब्लॉक-सी, पहली मंज़िल , सुपर निर्मित क्षेत्रफल - 737.00 वर्गफीट, खसरा नं.-4/2(4/3,6/1),4/5(4/11,6/3,4/6(4/7,6/4) के हिस्से में स्थित हैं, पता : "अविनाश आशियाना अपार्टमेंट कॉन्डोमिनियम, कबीर नगर, रामकृष्ण परमहंस वार्ड नं. - 02, प.ह.नं. -37, आरआईसी - रायपुर (छ.ग.) हैं जो श्रीमती जयश्री चावड़ा के नाम पर हैं.सीमाएं: उत्तर- फ्लैट नं. सी - 109, दक्षिण - फ्लैट नं. सी - 107, पूर्व - कॉरिडोर, पश्चिम- खुली जगह. शहीद भगत सिंह वार्ड, टाटीबंध, रायपुर, पिन - 492099, छ.ग.	22.07.2025 रु. 22,72,929.61 + ब्याज + अन्य प्रभार 08.10.2026 सांकेतिक कब्जा
02	जी. ई. रोड शाखा रायपुर 9752410756	श्री अभोय चंद्र विश्वास, पता - मकान नं. 57, ओम नगर, रायपुर,492001, छ.ग.	आवासीय भूमि एवं भवन स्थित राजस्व रिकार्ड 259/14 के अनुसार खसरा नं.- 259/13, क्षेत्रफल- 680 वर्गफीट, खमतराई, वीर शिवाजी वार्ड, प.ह.नं. - 108, आर.आई.सी.-रायपुर,छ.ग. में स्थित हैं जो श्री अभोय चंद्र विश्वास के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - विक्रेता की भूमि, पूर्व - जयदीप की संपत्ति, पश्चिम - सड़क.	20.04.2026 रु. 14,52,944.88 + ब्याज + अन्य प्रभार 07.10.2026 सांकेतिक कब्जा
03	जी. ई. रोड शाखा रायपुर 9752410756	श्री मिथलेश प्रसाद और श्रीमती शकुंतला प्रसाद, पता - 402/10, सन्यासीपारा, खमतराई , रायपुर (छ.ग.) - 492001	संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल मकान नं. जी- 65, खसरा नं. 131/12,143/81 भाग, क्षेत्रफल- 900 वर्गफीट, वार्ड नं.- 02, प.ह.नं.- 107/37, श्री राम वाटिका, रामकृष्ण परमहंस वार्ड, टीचर्स कॉलोनी के पीछे, आरआईसी रायपुर, तहसील एवं जिला- रायपुर, छ.ग. जो श्रीमती शकुंतला प्रसाद के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर - गोविंद दीप की भूमि, दक्षिण - गोविंद दीप की भूमि , पूर्व - सुनील बंजारी की भूमि, पश्चिम - सड़क.	05.02.2026 रु. 9,79,179.50 + ब्याज + अन्य प्रभार 07.10.2026 सांकेतिक कब्जा

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा। हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं।

दिनांकः13.10.2026, स्थानः रायपुर, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा





अधिकृत डीलरः रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो, 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो, 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुर: संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़, 8770383767, अमपुरी: ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, डोमुहानी: किरण मोटर्स, 9754069392, लवन: गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, सिमगा: श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़ला: विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अमलपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, सुरिया: अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, डोंडी: अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स, 9340335266, लगरी: हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरहंडी: किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरला: कोन्हा मोटर्स, 98931058752/ 6260472025, बसडोल: बजरंग मोटर्स, 9425511973, कालोद: नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, नरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, पटोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, दिवाली: भारत मोटर्स, 9993417123, पिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977370000/9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, टपरिनाद- कांकेर: अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूर: रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोहारा पाटर: गोविंद ऑटो केयर , 9303664769, कुहकुडुर: दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमा: आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 9406203600, भानपुर: दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोली: शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकी: अमर मोटर्स, 9827969901, सालेबाड़ा: साई मोटर्स, 9754329434, राजिम: राजीव लोचन ऑटोमोबाल्स, 7000186678, सारंगांव: जी वी मोटर्स, 7566666243, खरसीवा: श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुर: माँ भवानी ऑटोमोबाईल्स, 9301683268/7987037477, चारामा: श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुढ़ियारी: श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखारा: प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (खुर्पेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो, 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो, 9289922983.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com